




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 261 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 8 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## बदहाली की आंसू बहा रहा आठवां अजूबा...





श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई द्वारा सुपेला चौक के पास निर्मित आठवां अजूबा बदहाली के आंसू बहा रहा है। समय समय पर जरुरी मरम्मत नहीं होने से यह आठवां अजूबा अपने अस्तित्व को बचाने संघर्ष कर रहा है। यहां पर दिवंगत सांसद चंदूलाल चंद्राकर प्रतिमा के बाजू में दीवार खड़ी कर प्रसिद्ध आठ अजूबे की कलाकृतियां उकेरी गई है। लेकिन अनदेखी के चलते इस जगह पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। आसपास के व्यापारी इस जगह का इस्तेमाल अपने कबाड़ रखने के लिए कर रहे हैं। वहीं शराब के खाली बोतल सहित पानी पाउच, डिस्पोजेबल गिलास और नमकीन के बिखरे हुए खाली रैपर आठवां अजूबा की गरिमा को तार तार कर रहे हैं। बावजूद इसके न तो नगर निगम के अधिकारी सुध ले रहे हैं और न ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं।



### खास खबर



## छत्तीसगढ़ सरकार ने पेसा नियमों के मसौदे को दी मंजूरी, चुनाव के दौरान किया वादा कांग्रेस ने किया पूरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुवार को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम के तहत मसौदा नियमों को मंजूरी दे दी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में यहां हुई कैबिनेट बैठक में नियमों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव भी मौजूद रहे जिनके पास पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग भी हैं। पेसा अधिनियम 1996 में संसद द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए स्वशासन सुनिश्चित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। राज्यों को अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को मजबूत करने के लिए अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने की आवश्यकता थी। कैबिनेट बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनावों में पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने का कांग्रेस का वादा गुरुवार को पूरा हुआ। समाज के सभी वर्गों को ग्राम सभा समितियों (समितियों) में प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### वादा किया पूरा

मंत्री टीएस देव ने कहा कि मुझे आप सभी के साथ यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि राहुल गांधी जी की मंशा के अनुरूप हमने अपने जन घोषना पत्र में छत्तीसगढ़ में पेसा नियम लागू करने का वादा किया था और वह आज पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मेरे कैबिनेट सहयोगियों को पिछले 2.5 वर्षों के दौरान अनुसूचित जनजाति समुदायों के पार्टी प्रतिनिधियों और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा के बाद तैयार किए गए।

### गंभीर बीमारी से लड़ रहे मरीजों के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बनी वरदान

# अप्लास्टिक एनीमिया की गंभीर बीमारी से जूझ रही सीता को मिला नया जीवन

### राज्य सरकार से मिले 15 लाख रूपये से बोन मैरो का हुआ सफल ट्रांसप्लान्ट

### मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राज्य सरकार गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए 20 लाख रूपये तक दे रही सहायता



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत राज्य सरकार गंभीर और दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इससे हजारों जिंदगियों को नया जीवन मिल रहा है, इनमें कोरबा शहर तुलसीनगर वार्ड में रहने वाली श्रीमती सीता देवी भी हैं। अप्लास्टिक एनीमिया की गंभीर बीमारी से जूझ रही सीता देवी को योजना के तहत 15 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। राज्य सरकार से मिली सहायता के फ्लस्वरूप सीता देवी का सफ्लतापूर्वक एलोजनिक बोन मैरो प्रत्यारोपण किया गया। प्रत्यारोपण के बाद सीता देवी अब पूरी तरह से ठीक एवं स्वस्थ है।

सीता देवी के पति श्री सुभाष कुमार ने शासन की इस जीवनदायनी योजना की प्रशंसा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से उनकी पत्नी की जान बच पायी है। आठ वर्ष से बीमारी से जूझ रही पत्नी के ईलाज में उनके बहुत पैसे खर्च हो गये थे, फ्रि भी उनकी तबीयत ठीक नही हो रही थी। चिकित्सकों ने आखरी उम्मीद के रूप में बोन मैरो ट्रांसप्लान्ट करने की सलाह दी। इलाज में लगभग 15-20 लाख रूपये खर्च का अनुमान बताया गया। सुभाष कुमार ने बताया कि गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी पत्नी के ईलाज के लिए मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से फ्रि से आशा बंधी। राज्य सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके आवेदन पर हफ्ते भर में ही ईलाज के लिए 15 लाख रूपये की स्वीकृति दे दी गई। जिसके फ्लस्वरूप सफ्लतापूर्वक जल्द ही उनकी पत्नी का बोन मैरो का ट्रांसप्लान्ट हो पाया।

सुभाष कुमार ने बताया कि उनकी पत्नि को वर्ष 2014 से कमजोरी और चक्कर आने की तकलीफहुई। चिकित्सकों ने प्लेटलेट की कमी बताते हुये तुरन्त भर्ती करने की सलाह दी। बिलासपुर के निजी हॉस्पिटल में 15 दिन तक भर्तीकर ईलाज कराया लेकिन कोई सुधार नही हुआ। तब चिकित्सकों की सलाह पर वर्ष 2016 में तमिलनाडु राज्य के निजी अस्पताल में ईलाज के लिये गये थे। वहां डॉक्टरो ने विस्तृत जांच कर बताया कि सीता देवी को अप्लास्टिक एनिमिया की बीमारी है।

## अपने ही 3 बच्चों को कुएं में फेंकने वाली मां को आजीवन कारावास, कोर्ट ने कहा- महिला दया की पात्र नहीं



श्रीकंचनपथ न्यूज

अंबिकापुर। अंबिकापुर जिले में अपने ही 3 बच्चों को कुएं में फेंकने वाली महिला को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। महिला को पति ने विवाद के बाद धप्पड़ मार दिया था। महिला इससे इतना नाराज हो गई कि उसने अपने ही 3 अबोध बच्चों को कुंए में फेंक दिया। कोर्ट में मामले की सुनवाई डेढ़ वर्ष चली। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मानवीयता को झकझोरने वाला कृत्य है। तीन छोटे-छोटे बच्चों की कुंए में फेंककर हत्या की गई है। अपराध की श्रेणी गंभीर है, इसलिए महिला दया की पात्र नहीं है। आजीवन कारावास ही सही होगा।

मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर के ग्राम कटिंदा निवासी जमशेद अंसारी ने 7 अप्रैल 2020 को बोर खराब हो जाने को लेकर पत्नी शाहीन सुबैदा को फ्टकारा लगाई थी। इस दौरान पत्नी द्वारा कुछ कहने पर जमशेद ने उसे एक थप्पड़ मार दिया था। घटना के दूसरे दिन सुबह पति-पत्नी में फ्रि विवाद हुआ।

इससे नाराज होकर शाहीन ने 6 वर्षीय खुशी उर्फ नगमा, 4 वर्षीय आशिक अंसारी व 2 वर्षीय आशिफ अंसारी को लेकर माजा तुंगी नाले के पास गई और तीनों बच्चों को कच्चे कुंए में फेंक दिया। कुंए में पानी उपर तक भरा हुआ था, जिसमें डूबकर तीनों बच्चों की मौत हो गई। महिला ने सबसे छोटे बच्चे के मृत शरीर को कुएं से निकाला और गांव के सरपंच के यहां जाकर अपने बच्चों को कुंए में फेंकने की जानकारी दी। उधर जमशेद को परिचितों ने जानकारी दी थी कि उसकी पत्नी ने बच्चों को कुंए में फेंककर मार डाला है। मामले में शाहिन सुबैदा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।


### निर्णय में महाभारत के श्लोक का उल्लेख

न्यायाधीश नीलिमा सिंह ने बचाव पक्ष द्वारा सजा में रियायत की मांग पर महाभारत के एक श्लोक का उल्लेख अपने निर्णय में किया। न्यायाधीश ने कहा कि महाभारत में भी कहा गया है कि माता के समान कोई छाया नहीं है, कोई सहारा नहीं है, कोई रक्षक नहीं है और ना ही माता के समान कोई प्रिय चीज है, लेकिन उदारता का लाभ महिला को नहीं नहीं दिया जा सकता।

महिला द्वारा 3 मासूम बच्चों को कुंए में फेंककर क्रूरता से हत्या की गई है। अपराध की श्रेणी गंभीर है, इसलिए महिला दया की पात्र नहीं है। आजीवन कारावास ही सही होगा। कोर्ट ने एक हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

## छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगा कोरोना का संक्रमण, 24 घंटे में 251 नए मरीज मिले, एक की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार को प्रदेश में 251 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1203 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 247 रायपुर व 212 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं। रायपुर में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए एयरपोर्ट व राज्य की सीमाओं पर कोविड जांच अनिवार्य किया है। साथ ही कोरोना की गाइडलाइंस का जिलों में सख्ती से पालन कराने सभी कलेक्टरों को कहा गया है।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक गुरुवार को 10 हजार 813 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 251 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 61 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 162 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 9 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश के 2 जिलों सुकमा और नारायणपुर में एक भी कोविड मरीज नहीं है। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 2.27 प्रतिशत से बढ़कर 2.32 प्रतिशत हो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 40 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 55 हजार 495 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

### प्रदेश के इन जिलों में मिले कोरोना के मरीज

24 घंटे में प्रदेश के 24 जिलों में कोरोना के 251 नए मरीज मिले हैं। रायपुर जिले में 61, दुर्ग में 45, राजनांदगांव में 24, बेमेतरा में 17, बिलासपुर में 15, सरगुजा में 13, सूरजपुर व बलौदाबाजार में 10-10, जांजगीर-चांपा में 9, कबीरधाम में 7, बालोद एवं कोरिया में 6-6, महासमुंद, मुंगेली एवं कोरबा में 4-4, जशपुर व बलरामपुर में 3-3, गरियाबंद, दंतेवाड़ा व धमतरी में 2-2, कोंडागांव, बस्तर, कांकेर एवं रायगढ़ में 1-1 मरीज मिले हैं। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि सावधानी जरूरी है। कोविड गाइडलाइंस का पालन करें। मास्क का उपयोग करें और लक्षण होने पर टेस्ट जरूर करा लें।

## 7 साल से अफसर डकार रहे थे मध्यान्ह भोजन



दीपक रंजन दास

गुस्ताखी माफ

लालच बुरी बला है- यह तो हम सभी जानते हैं पर जब अपनी बारी आती है तो भूल जाते हैं। लालू प्रसाद यादव के बारे में जब यह छपा कि वे पशुओं का चारा खा गए तो लोगों ने खूब चटखारे लिए। सालों बीत जाने के बाद भी आज कोई पूछे कि चारा कौन खाया तो लोगों को नाम याद है। पर लालू तो खामख्वाह बदनाम हो गए थे। इस घोर कलियुग में लोगों की फ्तिरत ही ऐसी हो गई है कि वह जहां-जहां मुंह मार सकता है, मार ही लेता है। नेता और अफ्सर प्रत्येक विकास कार्य में मुंह मारते हैं। सड़कों की गिट्टी-डामर पचा जाते हैं तो सरकारी आवासों की सीमेन्ट-सरिया तक हजम कर जाते हैं। पर यह तो हद ही हो गई। राजनांदगांव जिले के ब्लाक एजुकेशन अफ्सर ने दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के एक अफ्सर और एक कर्मचारी के साथ सांठ-गांठ कर नौनिहालों का मध्यान्ह भोजन ही खा गए। 2004 से 2011 तक वे इत्मीनान से मध्यान्ह भोजन की जुगाली करते रहे और किसी को भनक तक नहीं लगी। मजे की बात तो यह है कि मध्यान्ह भोजन के लिए जारी चेक में काट-छांट कर रकम बढ़ाई गई और हर बार बैंक से ज्यादा पैसा निकाल लिया जाता रहा। आंखों में रिश्वत का मोतियाबिंद हो तो ऐसी काट-छांट संदिग्ध क्यों लगेगी भला? वैसे तो तारीख और हस्ताक्षर के नाम पर ही ग्रामीण बैंक लोगों को बैरंग लौटाने के लिए मशहूर हैं पर जब बात मतलब की आती है तो उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं देता। पर जब यह मामला प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अंजलि सिंह के पास पहुंचा तो उन्होंने इसे बेहद संजीदगी से लिया। उन्होंने तीनों आरोपियों को तीन-तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई दी। मध्यान्ह भोजन योजना एक महत्वकांक्षी योजना है जिसके कई लाभ हैं। इससे न केवल स्कूलों में हाजिरी बढ़ती है बल्कि बच्चों को पोषक भोजन मिलने के कारण उनके साधारण स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। महिला स्व सहायता समूहों को इस योजना के साथ जोड़कर शासन ने एक पंथ दो काज निपटाया है। एक तो महिलाएं अपने बच्चों को बेहतर भोजन देने के लिए काम को गंभीरता से ले रही हैं वहीं दूसरी तरफ उनकी अपनी भी रोजी रोटी चल रही है। पर दूध की कितनी भी रखवाली करो, बिल्ली मुंह मार ही जाती है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। महिला स्व सहायता समूहों के लिए बनाए गए चेक की राशि से अधिक रकम बैंक से निकाली जाती रही और समूहों को उनका पैसा देकर शेष रकम की बंदरबांट होती रही।

## शर्मनाक! शव सौंपने के लिए पुलिस ने मांगी रिश्वत, दुर्ग का एसआई लाइन अटैच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग से एक हैरान करने वाली खबर है। एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) ने खुदकुशी करने वाले एक व्यक्ति का शव उसके परिजनों को सौंपने के लिए उनसे रिश्वत मांगी। मामला उजागर होते ही पुलिस अधीक्षक ने उसे लाइन अटैच कर दिया है। दुर्ग के एसपी अभिषेक पल्लव ने सब इंस्पेक्टर प्रकाश शुक्ला को लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है। शुक्ला पर 24 साल के एक युवक द्वारा खुदकुशी करने के बाद उसका शव सौंपने की कागजी खानापूर्ति पूरी करने के लिए रिश्वत मांगी थी।

एसपी पल्लव ने कहा कि शुक्ला ने शव छोड़ने और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए रिश्वत मांगी थी। मामला तब सामने आया जब मृतक के परिजनों ने आरोपी एसआई द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत एसपी पल्लव से की। उन्होंने पुलिसकर्मी द्वारा रिश्वत की मांग करने का एक कथित वीडियो भी पेश किया था। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने शुक्ला को पुलिस लाइन में अटैच करने का निर्देश दिया और विभागीय जांच के आदेश दिए।

4 जुलाई को पंजाब के मूल निवासी मनदीप सिंह ने दुर्ग जिले के कुम्हारी इलाके में आत्महत्या कर ली थी। एसआई शुक्ला इस संबंध में दर्ज आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) की जांच कर रहे थे।




## संपादकीय

# चीन पर फिर उंगली

दुनिया के कारोबार जगत में चीन ने अचानक जो हैसियत बना ली है, वह हैरान करने वाली है। उसका एकाएक हुआ आर्थिक उभार कुछ लोगों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए मजबूर करता है, तो कुछ को लगता है कि यह रास्ता अनुसरण करने लायक है। यह बात अलग है कि कोशिशों के बावजूद कोई उसका पूरा अनुसरण नहीं कर पाया है। यह भी अक्सर कहा जाता है कि चीन के आगे बढ़ने की कहानी इतनी सीधी नहीं है, इसके बहुत सारे स्याह पहलू हैं। कई काले कारनामे हैं, जो उपलब्धियों की चमक के सामने नजरंदाज हो जाते हैं। बृहस्पतिवार को लंदन में जब अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के प्रमुख क्रिस्टोफर वारी और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई5 के प्रमुख केन मैकलम ने व्यापारिक समूहों के अगुवा लोगों को संबोधित किया, तो उनके निशाने पर चीन की इसी तरह की हरकतें थीं। उन्होंने बताया कि चीन किस तरह दुनिया भर के देशों, उनकी कंपनियों का डाटा चुराता है, उनकी तकनीक उड़ाता है और इन्हीं का इस्तेमाल करके विश्व बाजार में उन्हें परास्त करता है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन और उसकी कंपनियां बाजार पर कब्जा जमाने के लिए सभी तरह के हथकंडे अपनाती हैं और चीन का हैकिंग नेटवर्क सबसे बड़ा है। दोनों ने इसके कई उदाहरण भी दिए।

> “ खुद चीन का मीडिया कभी इतना स्वतंत्र नहीं रहा कि उसके भरोसे कुछ कहा जा सके। वहां जो सरकार है, वही सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी है और उसी की फौज भी है। दुनिया के लोग आज भी इसमें उलझे रहते हैं कि फलां चीनी कंपनी सरकारी है या निजी। चीन ने बेशक बहुत तरक्की की है, पर इसके पीछे कोई पारदर्शिता नहीं है। बंद खिड़की-दरवाजे वालों की नीयत पर शक न करने का कोई कारण नहीं होता।

अमेरिका और ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों का यह संबोधन उस समय सामने आया है, जब भारत में स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी वीवो विवाद में फंसी हुई है। प्रवर्तन निदेशालय को इसके सुबूत मिले हैं कि यह कंपनी धनशोधन के मामलों में लिप्त रही है। इसे लेकर निदेशालय ने कंपनी के 40 से ज्यादा ठिकानों पर छापे भी मारे हैं। इसी दौरान इस कंपनी के दो निदेशक जिस तरह से भारत छोड़कर भाग गए, उससे भी इन आरोपों को बल मिला है। इन छापों पर चीन की सरकार ने काफी तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि ऐसी कार्रवाइयों से भारत में निवेश और कारोबार का माहौल खराब होगा। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सरकार कड़ा संदेश दे, ताकि हर विदेशी कंपनी भारत के नियम-कायदों की पूरी पालना सुनिश्चित करे।

वीवो मामले में अभी जांच चल रही है और जब तक जानकारियां सामने नहीं आतीं, उसे किसी बड़े संदर्भ से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। जहां तक दुनिया की दो बड़ी खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों के संबोधन का सवाल है, तो खुफिया एजेंसियों का काम ही है, शक करना और हर चीज के पीछे किसी बड़े षड्यंत्र को ढूंढ़ना। लेकिन सिर्फ इतना सोच लेने से ही चीन किसी भी आरोप से बरी नहीं हो जाता है। चीन की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वह तमाम तरक्की के बाद अभी भी एक बंद समाज है। भले पर्यटन और व्यापार के लिए उसने अपने दरवाजे खोल दिए हैं, लेकिन वहां क्या, कहां और कैसे हो रहा है, इसकी दुनिया को भनक भी नहीं लगती। विदेशी पत्रकारों को वहां हरेक जगह जाने की छूट नहीं है। खुद चीन का मीडिया कभी इतना स्वतंत्र नहीं रहा कि उसके भरोसे कुछ कहा जा सके। वहां जो सरकार है, वही सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी है और उसी की फौज भी है। दुनिया के लोग आज भी इसमें उलझे रहते हैं कि फलां चीनी कंपनी सरकारी है या निजी। चीन ने बेशक बहुत तरक्की की है, पर इसके पीछे कोई पारदर्शिता नहीं है। बंद खिड़की-दरवाजे वालों की नीयत पर शक न करने का कोई कारण नहीं होता।

## महाराष्ट्र के कुछ महासबक

महाराष्ट्र की राजनीति भारत के लिए कुछ महासबक दे रही है। सबसे पहला सबक तो यही है कि परिवारवाद की राजनीति पर जो पार्टी टिकी हुई है, वह खुद के लिए और भारतीय लोकतंत्र के लिए भी खतरा है। खुद के लिए वह खतरा है, यह उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने सिद्ध कर दिया है। अब जो शिवसेना उद्धव ठाकरे के पास बची हुई है, वह कब तक बची रहेगी या बचेगी या नहीं बचेगी, कुछ पता नहीं।

उसके दो टुकड़े पहले ही हो चुके थे जैसे लालू और मुलायमसिंह की पार्टियों के हुए हैं। ये पार्टियां परिवार के अलग-अलग खंभों पर टिकी होती हैं। कोई पार्टी मां-बेटा पार्टी है तो कोई बाप-बेटा पार्टी है। कोई चाचा-भतीजा पार्टी है तो कोई बुआ-भतीजा पार्टी है। बिहार में तो पति-पत्नी पार्टी भी रही है। अब जैसे कांग्रेस भाई-बहन पार्टी बनती जा रही है, वैसे ही पाकिस्तान में भाई-भाई पार्टी, पति-पत्नी पार्टी और बाप-बेटा पार्टी है।

ये सब पार्टियां अब पार्टियां रहने की बजाय प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बनती जा रही हैं। न तो इनमें आतंरिक लोकतंत्र होता है, न इनमें आमदनी और खर्च का कोई हिसाब होता है और न ही इनकी कोई विचारधारा होती है। इनका एकमात्र लक्ष्य होता है— सत्ता-प्राप्ति! यदि सेवा से सत्ता मिले और सत्ता से सेवा की जाए तो उसका कोई मुकाबला नहीं लेकिन अब तो सारा खेल सत्ता और पत्ता में सिमट कर रह गया है। सत्ता हथियाओ ताकि नोटों के पत्ते बरसने लगें।

सत्ता से पत्ता और पत्ता से सत्ता— यही हमारे लोकतंत्र की पहचान बन गई है। राजनीति में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया है। हमारी राजनीति में आदर्श और विचारधारा अब अंतिम सांसें गिन रही हैं। भारतीय राजनीति के शुद्धिकरण के लिए यह जरुरी है कि सभी पार्टियों में परिवारवाद पर रोक लगाने की कुछ संवैधानिक तजवीज की जाए। महाराष्ट्र की राजनीति का दूसरा सबक यह है कि परिवारवाद उसके नेता को अहंकारी बना देता है। वह अपने पद को अपने बाप की जागीर समझने लगता है। एक बार उस पर बैठ गया तो जिंदगी भर के लिए जम गया।

पार्टी में नेता जो तानाशाही चलाता है, उसे वह सरकार में भी चलाना चाहता है। कभी-कभी ऐसे लोग सरकारों को बहुत प्रभावशाली और नाटकीय ढंग से चलाते हुए दिखाई पड़ते हैं लेकिन जब पाप का घड़ा फूटने को होता है तो उस वक्त आपात्काल थोपना पड़ता है। यदि भारत को हमें लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाए रखना है और उसे आपात्कालों से बचाना है तो पार्टियों के आंतरिक लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुछ संवैधानिक प्रावधान करने होंगे।

**वेद प्रताप वैदिक**

> “ संभव है, अगले मंत्रालय में इतने ज्यादा भारतीय मूल के लोग न हों, जितने अभी हैं, लेकिन गौर करने की बात है कि कंजर्वेटिव पार्टी लंबे समय से भारतीय मूल के लोगों को खुश करने की कोशिशें करती आई है। डेविड कैमरन के समय से ही भारतीय मूल के लोगों को सुविधा मिल रही है, इसमें कोई कमी आने वाले दिनों में नहीं दिखने वाली।

# गलतियां मानने को मजबूर जॉनसन

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने हालात के सामने आखिर घुटने टेक दिए। उन्होंने कहा, 'कंजर्वेटिव पार्टी की यह स्पष्ट राय है कि पार्टी का एक नया नेता होना चाहिए और इसलिए एक नया प्रधानमंत्री भी।' जॉनसन की विदाई के समय हम यह सहज याद कर सकते हैं कि कैसे कांड-दर-कांड का सिलसिला चला और जॉनसन ने 2019 के चुनावों में जो राजनीतिक पूंजी अर्जित की थी, वह धीरे-धीरे गायब होती गई। उन्हें जो व्यापक जनादेश मिला था, उसका फायदा वह नहीं उठा पाए, क्योंकि जो अनुशासन उनके प्रशासन में होना चाहिए था, वह कमोबेश नदारद रहा। जिस तेजतर्रार तेवर के साथ जॉनसन ने ब्रेग्जिट अभियान को अपने हाथों में लिया था और उसके बाद 2019 के आम चुनाव में जीत हासिल की थी, उस तेवर को वह बरकरार नहीं रख पाए। इसी वजह से विगत कुछ महीनों से उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को लगातार झटके लगते आ रहे थे और नौबत यहां तक आ गई कि अनेक मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया।

जॉनसन के खिलाफशिकायतों की लंबी सूची है। जब कोरोना की लहर चल रही थी, देश में लॉकडाउन लगा था, तब प्रधानमंत्री के आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टी या उत्सव का आयोजन हो रहा था। इसे पार्टीगेट स्कैंडल नाम दिया गया। आरोप लगा, तो शुरू में जॉनसन ने पार्टी के आयोजन से ही इनकार कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने गलती मान ली और जुर्माना भी चुकाया। डिप्टी चीफह्वीप पद पर क्रिस पिंचर की नियुक्ति को लेकर भी विवाद हुआ। जॉनसन जानते थे कि पिंचर पर यौनाचार संबंधी आरोप हैं, फिर भी उन्हें नियुक्त किया। आरोप लगने के तुरंत बाद उन्होंने सच नहीं स्वीकारा, पर बाद में कागजों से पता चल गया कि पिंचर के बारे में प्रधानमंत्री को पूरी सूचना थी, प्रधानमंत्री को फिर गलती माननी पड़ी।

खैर, मई में जब उपचुनाव हुए, तो जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी अपनी पारंपरिक सीटों पर भी हार गई। तब से जॉनसन के खिलाफअभियान में तेजी आई, कंजर्वेटिव पार्टी के नेता सोचने लगे कि जॉनसन के रहते पार्टी चुनाव नहीं जीत पाएगी। वैसे भी अभी ब्रिटेन में आर्थिक स्थिति खराब चल रही है। यह धारणा भी है कि जॉनसन के नेतृत्व में जो ब्रेग्जिट हुआ, उसकी वजह से पार्टी को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यह धारणा भी मजबूत हुई कि ब्रिटेन को कुशल नेतृत्व की जरूरत है, जो प्रधानमंत्री नहीं दे पा रहे हैं।

ताजा जनमत सर्वेक्षण यदि आप देखें, तो सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव के मुकाबले लेबर पार्टी अभी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। जिस लेबर पार्टी की जीतने की संभावना नहीं थी, आज ऐसा लग रहा है कि अगर चुनाव हों, तो वह जीत जाएगी। अत: कंजर्वेटिव चिंतित हो गए हैं। उनकी तमाम चिंताओं को अगर जोड़ें, तो जॉनसन की ईमानदारी पर बात आ जाती है। क्या उन पर विश्वास किया जा सकता है? क्या वह इतने सक्षम नहीं हैं कि सही ढंग से प्रशासन संभाल सकें और मुश्किल समय में देश का नेतृत्व कर सकें? ब्रिटेन की जनता क्या किसी ऐसे व्यक्ति पर भरोसा कर सकती है, जो बार-बार झूठ बोलते पाया जा रहा है? बोरिस जॉनसन ने एक के बाद एक ऐसे अनेक फैसले लिए हैं, जिनसे ऐसा लगता है कि उनकी या तो कुशल प्रशासन में रुचि नहीं है या फिर वह इतने अनुशासित नहीं हैं कि ब्रिटेन का नेतृत्व कर सकें।

जब पिंचर वाला मामला गरमाया, तब जॉनसन की पार्टी पर जो पकड़ थी, वह 24 घंटे में ही खत्म हो गई। वह मजबूर हो गए हैं। कल तक वह कह रहे थे कि मेरे इस्तीफा देने का कोई सवाल नहीं उठता। लोगों ने साल 2019 में मुझे भारी जनादेश दिया है, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि उनके पास जनादेश भी नहीं है, कंजर्वेटिव पार्टी का समर्थन भी नहीं है। उनके करीबी भी बोलने लगे थे कि उन्हें सत्ता छोड़ देनी चाहिए।

अब ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा बदलाव आने की संभावना है, इसमें लेबर पार्टी का जो उभार आ रहा है, हो सकता है कि उसके नेता चुनाव जीत जाएं। सत्ता स्थानांतरित होती दिख रही है। दो दशक से कंजर्वेटिव ने सत्ता पर कब्जा किया हुआ था, लेकिन अब सत्ता लेबर की ओर जाती दिख रही है। कंजर्वेटिव के अंदर जो विभाजन हैं, वे बढ़ते नजर आ रहे हैं। जॉनसन अगले प्रधानमंत्री के चुने जाने तक प्रधानमंत्री रहना चाहते हैं, लेकिन सवाल है कि क्या उनकी पार्टी उन्हें यह मौका देगी? तय है, आने वाले दिनों में कंजर्वेटिव के बीच विवाद बढ़ेगा।


जॉनसन के जाने का अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। विदेश नीति को लेकर ब्रिटेन में आम सहमति रहती है। बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हां, चूंकि जॉनसन ब्रेग्जिट के नेता थे, इसलिए लेबर पार्टी के सत्ता में आने पर स्थिति बदल सकती है। कई लेबर नेता हैं, जो यह चाहते हैं कि ब्रिटेन फिर यूरोपीय संघ का हिस्सा बन जाए। जॉनसन ने यूरोपीय संघ के खिलाफ बहुत सख्त रुख अपना रखा था, अब उसमें नरमी की संभावना बन रही है। जो बड़े मुद्दे हैं, चाहे वह अमेरिका के साथ ब्रिटेन का संबंध हो या एशिया-प्रशांत में ब्रिटेन की भूमिका हो या चीन के खिलाफ नीति या हिन्दुस्तान के साथ गर्मजोशी की बात हो, इन पर लोगों की निगाह होगी। जॉनसन प्रशासन को बहुत हद तक भारत समर्थक माना जाता था। इसमें बदलाव की संभावना नहीं दिखती। जो भी सत्ता में आएगा, वह भारत के साथ संबंधों को आगे बढ़ाएगा। एफ्टीए में भी कोई परेशानी नहीं आएगी।

जहां तक ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय मूल के नेताओं की बात है, तो ऋषि सुनक हों या प्रीति पटेल, ये दोनों कंजर्वेटिव पार्टी के स्टार माने जाते हैं। कंजर्वेटिव पार्टी शायद अभी चुनाव नहीं चाहेगी, क्योंकि संभावना है कि वह हार जाए। जो भी नया नेता बनेगा, वह भारतीय मूल के नेताओं को जरूर महत्व देगा। संभव है, अगले मंत्रालय में इतने ज्यादा भारतीय मूल के लोग न हों, जितने अभी हैं, लेकिन गौर करने की बात है कि कंजर्वेटिव पार्टी लंबे समय से भारतीय मूल के लोगों को खुश करने की कोशिशें करती आई है। डेविड कैमरन के समय से ही भारतीय मूल के लोगों को सुविधा मिल रही है, इसमें कोई कमी आने वाले दिनों में नहीं दिखने वाली।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# कई नई तकनीकों से बल जाएगा जीवन और जहान

निरंकार सिंह, पूर्व स. संपादक, हिंदी विश्वकोश



अब जो नई तकनीक के साथ चलेगा, वही जीवन का पूरा आनंद ले पाएगा। नई-नई तकनीक के विकास के साथ नई-नई संभावनाएं भी लगातार आ रही हैं। यह नवाचार, आविष्कार और अत्याधुनिक तकनीक से लैस उत्पादों का नया युग है। तरह-तरह के उत्पाद अपनी क्षमताओं व संभावनाओं से हमें चौंकाते हैं, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन नई पहचान बनकर उभरे हैं। एनएफ्टी और मेटावर्स को भी चर्चित शब्दों की सूची में जोड़ा गया है। रोजमर्रा की जिंदगी में तरह-तरह के डिजिटल नवाचार के दाखिल होने के साथ ही विकसित हो रही अनेक तकनीकें अगले दस वर्षों में नए मुकाम पर पहुंच जाएंगी।

'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सोसायटी' पर बनी ग्लोबल एजेंडा काउंसिल' ने संकेत दिए हैं कि फिजिकल और डिजिटल दुनिया के बीच बिना किसी दिक्कत के एकीकरण होगा। इस एकीकरण से हमारे काम करने का तरीका और जीवन पूरा बदल जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में 3डी प्रिंटर का इस्तेमाल शुरू हो चुका है। इनकी मदद से अस्थि व अंग प्रत्यारोपण को सुविधाजनक बनाने का काम चल रहा है। 3डी प्रिंटर्स की मदद से शोधकर्ता इस्तेमाल योग्य कृत्रिम अंग उगाने की कोशिश में हैं। मौजूदा वक्त में घरों में ज्यादातर इंटरनेट उपयोग व्यक्तिगत होता है, पर साल 2024 तक घर पर आधे से ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल होम ऑटोमेशन के लिए होने लगेगा। कई घरेलू उत्पाद इंटरनेट की मदद से स्वचालित हो जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई ने भी हमारी दुनिया को बदलकर रख दिया है। मशीन लर्निंग और एआई से लैस तकनीक का दबदबा हो गया है। मतलब, तकनीक आपकी पसंद के अनुरूप विकसित होने लगी है। एआई मानव बुद्धि की नकल करने और छवियों, भाषण या तौर-तरीके की पहचान करने और निर्णय लेने जैसे कार्य में सहयोगी है। मशीन लर्निंग भी एआई का ही हिस्सा है। इसमें कंप्यूटर को कुछ ऐसा करने के लिए प्रोग्राम किया जाता है, जिसे वह करने के लिए प्रोग्राम्ड नहीं होते हैं। मशीन लर्निंग को तेजी से सभी प्रकार के उद्योगों में तैनात किया जा रहा है। मशीन लर्निंग मार्केट 2022 तक बढ़कर 8.81 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इसका उपयोग डाटा एनालिटिक्स, रियल टाइम विज्ञापन, नेटवर्क घुसपैठ का पता लगाने, डाटा खनन और पैटर्न मान्यता के लिए किया जाता है। ऑगमेंटेड एनालिटिक्स डाटा एनालिस्ट नया वरदान साबित हो सकता है। अनुमान है कि एक डाटा वैज्ञानिक अपने डाटा जुटाने, तैयार करने और सफाई करने में अपना 80 फीसदी समय लगा देता है। नई तकनीक बहुत समय बचाएगी।

आपने उड़ने वाली बाइक के बारे में तो जरूर सुना होगा, पर नए साल में एक कदम आगे बढ़कर आपको उड़ने वाली टैक्सी भी देखने को मिल सकती है। हेलीकॉप्टर बनाने वाली कंपनी 'बेल' एयर टैक्सी का प्रारूप भी तैयार कर चुकी है। उम्मीद है कि 2022 के अंत तक वह इसे लॉन्च भी कर देगी। इस एयर टैक्सी में चार लोगों के लिए बैठने की जगह होगी। कैब सेवा देने वाली कंपनी उबर अभी से हेलीकॉप्टर टैक्सी के साथ साझेदारी के प्रयास में लगी हुई है। टेस्ला ने सबसे पहले ऑटो-पायलट फंक्शन वाली कार बनाई थी। दुबई में ऑटो पायलट बस चल रही है। उम्मीद है, आने वाले समय में ये सुविधाएं हर जगह उपलब्ध होंगी।

स्थानीय भाषाओं को लेकर सबसे ज्यादा नवाचार गूगल कर रहा है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो गूगल का इस्तेमाल न करता होगा। अब तक गूगल कई सारे अनुवाद टूल पेश कर चुका है। अब गूगल एक ऐसी तकनीक ला रहा है, जिसकी मदद से तत्काल अनुवाद किया जा सकेगा। गूगल ने कुछ समय पहले ही इसका प्रारूप पेश किया है, यह एयरबेड 40 भाषाओं के अनुवाद में सक्षम होगा। इसमें डबल स्पीकर है, जो एक ओर से सुनने व दूसरी ओर से अनुवाद कर आपको समझाने का काम करेगा। इस साल बेजल स्क्रीन वाले फोन ज्यादा चर्चा में हैं। मोबाइल कंपनियां ऐसे फोन ला रही हैं, जिसमें टच बटन तो होता ही नहीं और कैमरा भी स्क्रीन के नीचे होता है, जो दिखाई नहीं देता। वाईफाई से भी कई गुना तेज वायरलेस सुविधा आ चुकी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



नशा प्यार का दीवाना करें ताजमहल भी वीराना लगे, खूबसूरत था वो समय जब तू साथ में था।

-अंजली जैन
7024460938

# बिना सभ्य हुए ज्ञानी!

हरिशंकर व्यास

कैसे हो मनुष्य सभ्य? जबकि मनुष्य और समाज के बिना सभ्य और सुसंस्कृत हुए पृथ्वी की समस्याओं का समाधान संभव ही नहीं है। ज्पर यह काम हो कैसे? सभ्यता के इतिहास में कभी भी, किसी भी स्तर पर मनुष्य को सभ्य बनाने की वैज्ञानिक, तर्कसंगत कोशिश नहीं हुई। सत्य अनुसंधान के वैज्ञानिक तरीकों से समाज और उसके विकास का रास्ता नहीं बनाया गया। मनुष्य जीवन और समाज दोनों का धार्मिक और राजनीतिक टेकओवर इस कदर था कि सभ्य मनुष्य निर्माण में ज्ञान-विज्ञान और तार्किकता का हस्तक्षेप संभव ही नहीं हुआ।

प्रलय का मुहाना -33ऱ बिना सभ्य हुए ज्ञानी! मनुष्य खोपड़ी में ज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) क्रांति हुई। ज्ञानोदय (एन्लाइटेंमेन्ट) हुआ। इनसे ज्ञान-विज्ञान और प्रगति संभव हुई। बावजूद इस सबके मनुष्य दिमाग में समझदारी (विजडम) की बत्ती नहीं जली। मनुष्य सभ्य नहीं हुआ। पिछले तीन सौ वर्षों में मनुष्य जिज्ञासा ने प्रकृति के कई अभेद सत्य जाने लेकिन खुद का सत्य नहीं जाना! अपने और अपने समाज जीवन के आदिम स्वभाव को नहीं बदला। विज्ञान-तकनीक की बदौलत आस्मां फाड़ विकास हुआ लेकिन मनुष्य को सभ्य बनाने का विज्ञान नहीं बना। वह पशुगत प्रवृत्तियों और जैविक भिन्नताओं से मुक्त नहीं हुआ। मनुष्य दिमाग चेतन, रेशनल नहीं हुआ। विज्ञान ने मनुष्य का नॉलेज, उसकी क्षमताएं, उसकी ताकत व उपभोग को बढ़ाया लेकिन स्वभाव की आदिमताओं के साथ। ज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) क्रांति से पहिए की खोज बैलगाड़ी-मोटरगाड़ी-हवाईजहाज में रूपांतरित हुई और अब स्पेसक्राफ्ट का मुकाम है मगर मनुष्य का दिल-दिमाग आदिम गुफाई जीवन की भूख, भय और हिंसा की प्रवृत्तियों में जस का तस जकड़ा हुआ है। अंधविश्वासों, कल्पनाओं, मिथकों और अज्ञानताओं में अटका हुआ। दिमाग न विवेक, रैशनालिटी, तर्कसंगतता की प्रोसेसिंग को अपना पाया और न स्वभाव में वह समझदार और सभ्य हुआ।

तभी पहेली है कि नॉलेज, जानकारी, ज्ञान-विज्ञान की परम प्राप्तियों के बावजूद मनुष्य का वैयक्तिक, सामाजिक जीवन कैसे समझदारी में सूखा और जड़ बना हुआ है। है। मानों नॉलेज और विजडम में नाता नहीं हो! तभी विज्ञान-तकनीक के विकास को मनुष्य जितना भोगता है उससे अधिक उसका दुरूपयोग करता है। वह सभ्य होने के बजाय जंगली, जिहादी और कट्टर हुआ। दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल ने सत्तर साल पहले लिखा था कि 'संदेह नहीं कि हमारे वक्त में नॉलेज विस्तार पिछले सभी युगों को मात देते हुए है लेकिन इसके अनुपात में विजडम बढ़ता हुआ नहीं है।ज विजडम का अर्थ है मुक्ति, तमाम तरह के उत्पीडनों से'।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sanitary And Pipes Shop
Shree Hanuman Enterprises
Deals In: Sanitary, Hardware, PVC and CPVC Pipes, Water Tanks & Kitchen Sinks etc.
Deepak Kumar Shrivastava
7771831789
7974777438
Meenakshi Nagar, Beside of New Culcutta Sweets, Borsi Road, Durg (C.G.)-491001

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

महक सेनीटेशन

आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें

अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी

पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स

कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




# छत्तीसगढ़ में शिक्षा का बना बेहतर वातावरणः भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप 2022 वितरण कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप 2022 वितरण कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किए। स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के तहत राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान प्रदेश के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने आईबीसी-24 संस्थान द्वारा की जा रही पहल की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षा को लेकर जागरूकता का बहुत अच्छा वातावरण निर्मित हुआ। यहां कोरोनाकाल की बाधाओं के बावजूद हमारे बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने शिक्षा की अलख को जगाया रखा। उन्होंने कहा- जैसा मुझे बताया गया है कि स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के तहत राज्य के 12वीं बोर्ड परीक्षा में हर जिले में प्रथम आने वाले छात्राओं को 50 हजार रूपए, प्रदेश में प्रथम आने वाली छात्रा एवं उसके स्कूल को एक-एक लाख रूपए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। साथ ही प्रत्येक संभाग में प्रथम आने वाले छात्रों को भी 50 हजार रूपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

जब हम अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करते है और उनकी मदद के लिए आगे आते है तो हम न सिर्फ उनके, बल्कि पूरे समाज के स्वर्णिम भविष्य की रचना करने में अपना हाथ बंटाते है। हमारी ये प्रतिभाएं ही हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण का सपना इन्हीं के माध्यम से पूरा होगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना ने उत्कृष्ट शिक्षा पर हर वर्ग के विद्यार्थियों का अधिकार सुनिश्चित किया है। इस योजना में अब अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी माध्यम के भी उत्कृष्ट स्कूल प्रारंभ कर दिए गए है। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मैं जिस भी गांव या शहर में जाता हूं वहां इस योजना को लेकर बहुत अच्छा फीडबैक मिल रहा है। सभी क्षेत्रों में लोग नए स्कूलों की मांग कर रहे हैं। हम उनकी मांग के अनुरूप स्कूलों की संख्या में वृद्धि भी कर रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा राज्य में इन स्कूलों के साथ-साथ अन्य सभी शासकीय स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे है, ताकि हमारी प्रतिभाएं बिना किसी बाधा व रूकावट के आगे बढ़ सकें।

# अपने कार्यों को सुधारें, योजनाओं की जानकारी रखे, अगली बैठक में मौका नहीं दूंगाः सिन्हा

श्रीकंचनपथ न्यूज



जांजगीर-चाम्पा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज जनपद पंचायत अकलतरा में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी रखे। इससे आपकी गंभीरता झलकती है कि आप अपने विभागीय कार्यों के प्रति कितने गम्भीर है। यह पहली बैठक है, इसलिए कार्यवाही नहीं कर रहा हूँ, समझाइश दे रहा हूँ। अगली बार समीक्षा करूँगा तो कोई मौका नहीं दूंगा। सीधे कार्यवाही करूँगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन का अंग बताते हुए कहा कि आपसी समन्वय के साथ शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सिन्हा ने राज्य शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन में प्राथमिकता के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, राजीव गाँधी कृषि मजदूर भूमिहीन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब के गठन की जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद-बीज वितरण और भण्डारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खाद की काला बाजारी रोकने छापामार कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों को स्कूल, छात्रावासों, आश्रम, आंगनबाड़ी सहित स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता और कीमत देखकर क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन, गोठानों में विद्युत व्यवस्था, पशु विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों, स्कूलों में जाति-निवास और आमदनी प्रमाण पत्रों की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने गोठानों में संलग्न स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आजीविका के साधन विकसित करने सभी गोठानों को व्यवस्थित तथा सक्रिय रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भवन सननिर्माण अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने और संगठित तथा असंगठित कामगारों के कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्रीमती नंदिनी कमलेश साहू, जनपद सीईओ सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में कुपोषण दूर करना उनकी प्राथमिकता में है। बच्चों से कुपोषण दूर करने के लिए सिर्फ खाना खिला देना ही पर्याप्त नहीं है, उन्हें गुड़, चना, मूंगफल्ली सहित पूरक पोषण आहार भी प्रदान किया जाए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग और बीएमओ को निर्देशित किया।

## खास खबर

### खत्म होंगे स्वास्थ्य कर्मियों के अटेचमेंटः कलेक्टर डॉ भूरे ने दिए निर्देश

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे आज धरसीवां के सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी पहुंचे। उन्होंने इलाज करवाने आए मरीजों और उनके परीजनों से स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार और बातचीत के तरीके के बारे में भी मरीजों से पुछा। लोगों ने अस्पताल में स्टाफ की कमी और स्वास्थ्य सुविधाए बढ़ाने की जरूरत बताई। डॉ भूरे ने पूरे स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मौजुद सी.एम.एच.ओ डॉ मीरा बघेल और बी.एम.ओ डॉ निवेदिता लकड़ा ने भी कलेक्टर को स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ की कमी से अवगत कराया। धरसीवां सी.एस.सी के नर्सिंग स्टाफ का अन्य अस्पताल में अटेचमेंट होने की जानकारी भी इस दौरान कलेक्टर को मिली।

### प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना

**रायपुर।** आज प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पड़ने की की संभावना है वहीं प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर बिजली गिरने के साथ भारी वर्षा की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून द्रोणिका दक्षिण पाकिस्तान, अहमदाबाद, गोपालपुर, उसके बाद पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी होते हुए पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती खेरा उत्तर पश्चिम तथा पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी, उत्तर आंध्र प्रदेश के ऊपर 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल चर्चा के दौरान दिया धन्यवाद

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डेयरी योजना के 25 हितग्राहियों को वितरित की 13.63 लाख रूपए अनुदान राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य में दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को इकाई लागत का 50 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को दो तिहाई अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में इस योजना के तहत गौठानों में डेयरी स्थापित करने वाले 25 हितग्राहियों को 13 लाख 63 हजार 500 रूपए की अनुदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गांवों में उत्पादित होने वाले दूध का वितरण आंगनबाड़ी और स्कूलों के मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों का कुपोषण दूर होगा और दूध उत्पादकों को भी अच्छा मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कांकेर जिले के पोटगांव गौठान, कोण्डागांव के बोलबोला गौठान, बलौदाबाजार के पुरैना खपरी गौठान, दुर्ग के मोहलई गौठान एवं रायगढ़ के बनसियां गौठान में डेयरी चलाने वाले हितग्रहियों से चर्चा कर उन्हें राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुदान राशि, दूध का गांवों में मिल रहे रेट, पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था की जानकारी ली।

डेयरी व्यवसाय से जुड़ी कांकेर जिला के पोटगांव गौठान के स्व-सहायता समूह की हितग्राही श्रीमती प्यारी टांडिया, श्रीमती भोज बेलोदिया, श्रीमती प्रेमिता भेड़िया और श्रीमती अंजू कुल्हरिया को भी आज अनुदान राशि प्राप्त हुई।

प्रत्येक हितग्राही को 70 हजार रूपये की लागत के जर्सी नस्ल की दुधारू गाय एवं बछड़ा दिया गया है, जिसके लिए पशुधन विकास विभाग के मद से 46 हजार 620 रूपये और शेष राशि डीएमएफ मद से अनुदान में दी गई है। गाय-बछड़ा के लिए तीन महीने का दाना भी दिया गया है। दुधारू गाय प्राप्त होने से हितग्राही महिला श्रीमती अंजू कुल्हारिया ने खुशी का ईजहार करते हुए कहा कि प्रतिदिन 10 लीटर दूध मिलेगा जिसे कांकेर ले जाकर बेचेंगे तथा गाय के गोबर को अपने गांव के गौठान में बेचकर आमदनी प्राप्त करेंगे। राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा गाय-बछड़े की अच्छी तरह देखभाल की जायेगी।

पोटगांव गौठान में उपस्थित संसदीय सचिव श्री शिशुपाल सोरी ने गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गोधन न्याय योजना के एक हितग्राही श्री जनक राम साहू का परिचय कराते हुए यह जानकारी दी कि श्री साहू ने गोबर बेचकर 65 हजार रूपए की आय अर्जित की है, जिससे उन्होंने अपना घर बनाना शुरू किया है। अभी उन्हें गोबर बेचने के एवज में 25 हजार रूपए की राशि और प्राप्त होगी। श्री सोरी ने बताया कि गौठान में 40 स्व-सहायता समूह जुड़े हैं। कोण्डागांव जिले के बोलबोला ग्राम स्थित गोठान के ग्रामीण भी इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े थे। बोलबोला में 05 हितग्राहियों को 46-46 हजार अनुदान पर दुधारू गायें प्रदान की गई हैं। इस अवसर पर हितग्राही दयासर मण्डावी ने मुख्यमंत्री श्री बघेल से बात करते हुए बताया कि उनके द्वारा 50 हजार रूपयों की गाय ली गई थी। जिस पर उन्हें 46 हजार का अनुदान प्राप्त हुआ है। जिससे उन्हें प्रतिदिन 12 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है। जिसे वे घर के बच्चों को पिलाने के बाद बचे अतिरिक्त दूध को घर-घर जाकर बेच रहे हैं। जिसके लिए उन्हें 50 रूपये प्रति लीटर प्राप्त हो रहे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री को राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत् गाय प्रदान करने हेतु धन्यवाद भी ज्ञापित किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने दयासर को डेयरी के माध्यम से उन्नति करने हेतु बधाई दी। इस योजना में दयासर मण्डावी के अलावा पिलुराम मण्डावी, चेतमनी कोर्राम, मनीराम नेताम, चमरू मण्डावी को अनुदान पर गाय प्राप्त हुई हैं।

रायगढ़ जिले के बनसियां ग्राम से भी डेयरी उद्यमिता के लाभार्थी कार्यक्रम में जुड़े। इनमें से एक हितग्राही डोलनारायण सारथी ने अपने अनुभव मुख्यमंत्री श्री बघेल से साझा करते हुए कहा कि उन्हें दो जर्सी गाय मिली हैं। जिनसे 18 से 20 लीटर दूध मिल रहा है। जिसे बेचकर वो कमाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे 30 रूपए लीटर में दूध बेच रहे हैं। नारायणी महिला स्व-सहायता समूह की ओर से सदस्य कृष्णा चौधरी ने समूह के कामकाज के बारे में मुख्यमंत्री श्री बघेल को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाएं गौठान में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, बाड़ी विकास और मुर्गी पालन के काम से आय अर्जित कर रही हैं। महिलाओं ने आटा चक्की भी लगाई है।

# वेस्ट टू वेल्थ : स्वच्छता दीदियों ने कचरे से कमाएं साढ़े बीस लाख



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने से नगर निगम के तहत कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी अतिरिक्त आय कमा रही हैं। निगम क्षेत्र अंतर्गत 48 वार्ड से मिले सूखे कचरे से स्वच्छता दीदियों को 20 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई है।

निगम के अंतर्गत कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी अब वेस्ट से वेल्थ की ओर बढ़ रही हैं। इसी का नतीजा है कि घरों से प्राप्त होने वाले सूखे कचरे जिसमें कागज, पुट्ठा, सीसी-बोतल, प्लास्टिक के टूटे-फूटे सामान के साथ लोहा टीना के डिब्बे को बेचकर अब तक में 20 लाख 577 रुपए की अतिरिक्त आमदनी कमाई की गई। निगम के अंतर्गत 145 स्वच्छता रिक्शा संचालित है।

इसमें 316 स्वच्छता दीदी वर्तमान में कार्यरत हैं, जो शहर के 48 वार्डों से घर-घर कचरा लेकर निगम के अंतर्गत 10 एसएलआरएम सेंटर में छटनी करती हैं। एक ओर जहां गीले कचरे से खाद बनाने का काम किया जा रहा है। इसी तरह सूखे कचरे से स्वच्छता दीदियों की आर्थिक स्थिति मजबूत भी हो रही है। हर माह सूखे कचरे से प्राप्त रुपए को स्वच्छता दीदियों के अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है। अब तक स्वच्छता दीदियों ने 20 लाख 577 रुपए के कबाड़ की बिक्री की है।

निगम के गोबर खरीदी केन्द्रों से प्रतिदिन वर्मी कंपोस्ट और बनाने का भी कार्य चल रहा है। इसमें प्राप्त राशि में से वर्मी कंपोस्ट निर्माण करने वाली स्वच्छता दीदियों को उनके लाभांश का अंश भी मिल रहा है। अब तक वर्मी कम्पोस्ट बनाकर 31 लाख रुपये से ज्यादा का खाद स्वच्छता दीदियों द्वारा बिक्री की गई है।

कलेक्शन में आने वाली स्वच्छता दीदियों ने शहरवासियों से अपील किया है कि शहर को साफ और सुंदर रखने के लिए कचरे को खुले में न फेंके। कलेक्शन के लिए आने वाली गाडियों में ही कचरा दें। गीला और सूखा कचरा अलग कर दें। इससे न सिर्फ कचरे का सही निपटान होगा व शहर साफ-सुथरा व गंदगी मुक्त होगा तथा स्वच्छता दीदियों को अतिरिक्त आय का जरिया भी मिलेगा।

# कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान : टीकाकरण दल ने खेतों में पहुंच कर लगाया पात्र हितग्राहियों को टीका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** जिले में कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में सभी ब्लाको एवं दूरस्थ क्षेत्र स्थित गांव तथा नगरीय क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों को कोरोना संक्रमण से बचने एवं रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन टीम द्वारा वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज तथा प्रिकोशन बूस्टर डोज खेती किसानी के समय एवं बारिश के मौसम में किसानों के खेतों में होने के कारण वैक्सीनेशन दल खेतों, पेड़ के छांव में एवं डोर टू डोर पहुंचकर वैक्सीनेशन की जानकारी देकर पात्र लोगों को कोरोना का टीका लगा रहे है। आज महाभियान में शाम 4 बजे तक 6071 हितग्राहियों ने वैक्सीन लगाया।



कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने दौरा कर वैक्सीनेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शेष पात्र लोगों को टीकाकरण की जानकारी देकर वैक्सिन लगाने निर्देशित किया।

गौरतलब है की वैश्वीक महामारी कोविड-19 से बचाव हेतु सूरजपुर जिले में टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। यह महाअभियान जिले के समस्त ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्रों एवं स्कूलों में 6 व 7 जुलाई को आयोजित किया गया। शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने यह महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक छूटे हुए समस्त लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला नोडल अधिकारी, ब्लॉक नोडल अधिकारी व क्लस्टर समन्वयक नियुक्त किए गए है। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में 7 जुलाई को पहला डोज 450 एवं दूसरा डोज 3926, प्रीकोशन डोज 1695 कुल 6071 पात्र लोगों को वैक्सिन लगाया गया।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

### पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को प्रोत्साहित करने मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

# गौठानों में उत्पादित दूध की गांवों में खपत और पशुओं के लिए चारे की पुख्ता व्यवस्था के लिए तैयार की जाएगी कार्य योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गांवों के गौठानों में पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौठानों में उत्पादित दूध की गांवों में खपत करने और पशुओं के चारे की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसान लाभान्वित हो रहे हैं, इसी तरह गौठानों में संचालित डेयरी से उत्पादित दूध की गांवों में खपत और पशुओं के चारे की व्यवस्था होने से पशुपालक लाभान्वित होंगे और पशुपालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि गांवों के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से बच्चों को उबालकर दूध उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इससे पशुपालकों को दूध का वाजिब मूल्य मिलेगा। ग्रामीण दूधारु पशुपालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। गौ-माता की सेवा होगी। ग्रामीण अंचल में दूध की उपलब्धता बढ़ने से पोषण स्तर बेहतर होगा। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को इसके लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण और राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत हितग्राहियों को अनुदान राशि वितरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचने वाले पशुपालकों, ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 10 करोड़ 84 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। इस राशि में से 15 जून से 30 जून तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में 3.69 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। गौठान समितियों को 4.31 करोड़ और महिला समूहों को 2.84 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान किया। इसी तरह उन्होंने राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत 25 हितग्राहियों को 13.63 लाख रूपए की अनुदान राशि का भुगतान हितग्राहियों के खाते में किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कांकेर जिले के पोटगांव गौठान, कोण्डागांव के बोलबोला गौठान, बलौदाबाजार के पुरैना खपरी गौठान, दुर्ग के मोहलई गौठान एवं रायगढ़ के बनसियां गौठान में पशुपालन कर रहे हितग्रहियों से चर्चा कर उनसे राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुदान राशि, दूध का गांवों में मिल रहे रेट की जानकारी भी ली।




मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अलग-अलग गांवों में दूध का अलग-अलग रेट हितग्राहियों को मिल रहा है। आंगनबाड़ी और स्कूलों में दूध वितरण की व्यवस्था से दूध के रेट में एकरूपता आएगी। उन्होंने कहा कि गौठानों में डेयरी व्यवसाय कर रहे हितग्राहियों को छह माह बाद एक अतिरिक्त गाय अन्य योजना से दी जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन के साथ चल रही अन्य गतिविधियों से गांवों में बदलाव नजर आ रहा है। लोगों की आय बढ़ी है और उनमें एक नया आत्मविश्वास जगा है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना की सफलता से प्रदेश में गौठानों की संख्या में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सालभर में खरीदे गए गोबर की मात्रा और गोबर खरीदी की राशि में वृद्धि हुई है। योजना के तहत अब तक 75 लाख 38 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी हुई है तथा गौठानों में गोबर बेचने वाले ग्रामीणों और पशुपालकों को अब तक गोबर के एवज में 150.75 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 143.19 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गोधन न्याय योजना से 2 लाख 11 हजार से अधिक ग्रामीण, पशुपालक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। गोबर बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने वालों में 45.97 प्रतिशत संख्या महिलाओं की है। इस योजना से एक लाख 33 हजार से अधिक भूमिहीन परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। गौठानों की आजीविका गतिविधियों के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों ने अब तक 72 करोड़ 19 लाख रूपए की आय प्राप्त की है।

इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी गुरू रूद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत सिंह भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्यसचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, मुख्यमंत्री की उप सचिव सौम्य चौरसिया, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तंबोली, संचालक कृषि यशवंत कुमार, संचालक पशु चिकित्सा चंदन त्रिपाठी सहित अधिकारी गण उपस्थित थे।

### गौठानों में अब तक 16 लाख 43 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौठानों एवं ग्रामीण औद्योगिक पार्क को विद्युत देयक में 50 प्रतिशत की रियायत देने और गौठानों में सम्बद्ध, स्व-सहायता समूहों और प्राथमिक सहकारी समितियों को कम्पोस्ट विक्रय पर प्रोत्साहन राशि और वार्षिक कम्पोस्ट विक्रय पर बोनस राशि देने के आज केबिनेट में लिए गए निर्णय से गौठानों में नई-नई औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि गौठानों में अब तक 16 लाख 43 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है, इसमें से 13 लाख 69 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का वितरण किसानों और विभिन्न विभागों को किया जा चुका है। गौठानों में 2.89 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट गौठानों में उपलब्ध है। गौठानों मे वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन रासायनिक खादों की कमी से निपटने में काफी हद तक मदद मिली है। लगभग 2 लाख 94 हजार किसानों ने वर्मी कम्पोस्ट लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के 3089 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने गोधन न्याय योजना की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने गौठानों में गौ-मूत्र, क्रय एवं उत्पादन की कार्य योजना के संबंध में प्रस्तुतीकरण भी दिया।

## खास खबर

### सिंचाई योजनाओं के लिए 22.84 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 22 करोड़ 84 लाख सात हजार रूपए स्वीकृत किए है। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड-डभरा के अंतर्गत कोतरी नाला पर प्रस्तावित मिरौनी कुदुरूझांज एनीकट निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 56 लाख 77 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 10 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड मालखरौदा अंतर्गत बधान नाला में नगझर में स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 94 लाख 81 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 85 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-मालखरौदा अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत पोता से जमगहन नवीन नहर निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 10 लाख 22 हजार रूपए रूपए स्वीकृत हुए है। कार्य के पूरा होने से 185 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड डभरा अंतर्गत घटोई नाला में पुरैना-सकराली के बीच स्टापडेम सह पुलिया के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 21 लाख 49 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 97 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-मालखरौदा अंतर्गत बधान नाला में जमगहन स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 84 लाख 77 हजार रूपए रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के कार्य पूरा होने से 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत तिराईन नाला पर हरेठी स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 69 लाख 50 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 45 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर चांपा जिले के हसदेव बांगो परियोजना की सक्ती शाखा नहर के अंतर्गत कांशीगढ़ माईनर, बावनबुड़ी माईनर एवं गुचकुलिया माईनर, सी.सी. लाईनिंग का पुनर्निर्माण कार्य, नहर पार सुदृढ़ीकरण पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य एवं कोलाबा लगाने के कार्य के लिए दो करोड़ 35 लाख 72 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 1295 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

## भाषायी सर्वेक्षण के आधार पर प्रारंभिक शिक्षा के लिए बनेगी योजना

### समग्र शिक्षा और यूनिसेफके सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला प्रांरभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाषायी सर्वे के आधार पर प्रारंभिक शिक्षा की योजना बनाई जाएगी। इस संबंध में समग्र शिक्षा और यूनिसेफके सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला प्रांरभ हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों के घर की भाषा का शिक्षा में समावेश की महत्वपूर्ण आवश्यकता को समझना है। इसके अलावा राज्य के क्षेत्रों और जिलों को विभिन्न भाषायी परिस्थितियों के आधार पर वर्गीकृत करना। बहुभाषीय शिक्षा की अवधारणा और विभिन्न भाषायी परिस्थितियों में इसे लागू करने के रणनीति को समझना। प्राथमिक शिक्षा में विशेष रूप से बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान में बच्चों की भाषाओं को शामिल करने की रणनीति तैयार करना और उसे लागू करने के लिए ठोस योजना बनाना है।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा पर फरवरी 2022 में भाषायी सर्वेक्षण का कार्य किया गया। इस सर्वेक्षण में राज्य के 29 हजार 755 शासकीय प्राथमिक शालाओं में कक्षा पहली पढ़ने वाले बच्चों की घर की भाषाओं, शिक्षकों की उन भाषाओं को समझने और बोलने की दक्षता के आंकड़े एकत्र किए गए। देश में यह सर्वेक्षण करने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य है। इस सर्वेक्षण के प्रारंभिक परिणामों को साझा करने और इनके आधार पर प्रारंभिक शिक्षा की योजना बनायी जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य स्त्रोत व्यक्ति लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन की फाउंडर डॉ. धीरझिंगरन है।

कार्यशाला में समग्र शिक्षा के प्रबंध निदेशक नरेन्द्र दुग्गा ने बच्चों के घर की भाषा को उनकी औपचारिक शिक्षा में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की घर की भाषाओं को प्राथमिक स्तर पर औपचारिक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में शामिल करना समावेशी शिक्षा और समतामूलक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है कि बच्चों की प्रथम भाषा उनकी घर की भाषा को कई वर्षों तक शिक्षा के माध्यम के रूप में उपयोग किया जाए। साथ-साथ अन्य भाषाओं जैसे राज्य की भाषा (यदि वह बच्चे की प्रथम भाषा न हो तो) अंग्रेजी भाषा का परिचय दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के भाषायी संदर्भ जटिल है, इसलिए एक विशेष क्षेत्र में सामाजिक भाषायी स्थिति के आधार पर ही भाषा शिक्षण के लिए विभिन्न तरीकों को उपयोग करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा के लिए बच्चों की भाषा के उपयोग को लेकर पूर्व में भी कई सराहनीय कार्य किए गए है, जिनमें भाषायी सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सर्वेक्षण और इससे प्राप्त परिणामों, विभिन्न नीतिगत दस्तावेजों में बच्चों के घर की भाषा का सीखने-सिखाने में उपयोग करने की जरूरतों और छत्तीसगढ़ राज्य में ऐसे प्रयोगों के परिणामों को दृष्टिगत रखना भी जरूरी है। कार्यशाला को लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन के डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने भी सम्बोधित किया।

## शिशुओं और उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को हेपेटाइटिस-बी का टीका जरूर लगवाएं

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिशुओं और उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को हेपेटाइटिस-बी का टीका अवश्य लगवाने की अपील की है। हेपेटाइटिस का समय पर इलाज नहीं कराने से यह लिवर-फेलियर या लिवर कैंसर का कारण बनता है। हेपेटाइटिस एक संक्रामक बीमारी है जो लिवर में सूजन पैदाकर इसे नुकसान पहुंचाता है। अगर हेपेटाइटिस का उपचार समय पर नहीं कराया जाए तो यह घातक हो सकता है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में हेपेटाइटिस संक्रमण से होने वाली बीमारियों की नि:शुल्क जांच और उपचार की व्यवस्था है। राज्य में उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक रैपिड डायग्नोस्टिक किट से इसकी जांच की सुविधा है। सभी जिला अस्पतालों और शासकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में इसकी नि:शुल्क जांच और उपचार किया जाता है।

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गहवई ने बताया कि मुख्य रूप से चार वायरस ए, बी, सी और ई इस बीमारी के कारक माने जाते हैं। इनमें से हेपेटाइटिस-ए और हेपेटाइटिस-ई कम गंभीर और आमतौर पर अल्पकालिक संक्रमण होते हैं। ज्यादातर मामलों में ये स्वत: ठीक हो जाते हैं। यह दूषित खाना खाने या दूषित जल पीने के कारण होता है। हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी वायरस के अधिक गंभीर प्रकार हैं और ये लिवर में दीर्घकालिक (पुराना) संक्रमण पैदा करता है। हेपेटाइटिस-बी या हेपेटाइटिस-सी वायरस के संक्रमण से यकृत को गंभीर क्षति हो सकती है जो लिवर सिरोसिस से लिवर-फेलियर और कुछ मामलों में यकृत के कैंसर का कारण भी बन सकता है।

डॉ. गहवई ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी के संक्रमण का प्रसार संक्रमित व्यक्ति से दूषित रक्त हस्तांतरण के माध्यम से फैलता है। नशीली दवाओं के इंजेक्शन और सुईयों के आदान-प्रदान, असुरक्षित ढंग से कान छिदवाने या गोदना गुदवाने, असुरक्षित यौन संबंधों, शेविंग रेजर, नेल कटर इत्यादि को साझा करने से यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है।

## मंत्री डहरिया ने मंदिर हसौद में करीब छह करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत मंदिर हसौद में करीब छह करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें दो करोड़ 55 लाख 43 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं तीन करोड़ 40 लाख पांच हजार रूपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। डॉ. डहरिया ने मंदिर हसौद के विभिन्न चार स्थानों पर 56.53 लाख रूपए के सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-2 में 40 लाख रूपए की लागत से हाट बाजार निर्माण, 51.80



लाख रूपए की लागत से दो एसएलआरएम सेंटर निर्माण, 40.45 लाख रूपए की लागत से मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 17.68 की लागत से चौक सौन्दर्यीकरण और 15.98 लाख रूपए की लागत से आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसी तरह से 10.84 लाख रूपए के कम्पोस्ट शेड, मंदिर हसौद में 10 लाख रूपए की लागत से दो हाईमास्ट, विभिन्न शासकीय भवनों में एलईडी बोर्ड के कार्य एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। डॉ डहरिया ने कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी प्रदान की।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने मंदिर हसौद में 91.07 लाख रूपए के विभिन्न सी.सी. रोड निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण लागत 78.75 के कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी तरह 30 लाख रूपए की लागत से विद्युत पोल विस्तार कार्य एवं ट्रांस्फार्म 24.41 लाख रूपए की लागत से हाई मास्क लाईट पोल एवं एलईडी लाईट लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 13 में 13.60 लाख रूपए की लागत से सतनाम भवन के सामुदायिक भवन निर्माण, साहू पारा में 12.18 लाख की लागत से सामुदायिक भवन , यादव पारा में 10 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन, निर्मलकर पारा में सामुदायिक भवन एवं धीवर पारा में पांच लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत मंदिर हसौद के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष खिलेश देवांगन, दिनेश ठाकुर, कोमल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ईटिंग डिसऑर्डरः जानें लक्षण और कारण से लेकर इलाज के बारे में सबकुछ

हम सभी की खाने-पीने की आदतें काफी अलग होती हैं। कई लोग हेल्दी खाने को तरजीह देते हैं तो कई लोग बढ़ते मोटापे या वजन को लेकर इतना सजग होते हैं कि इन्हें कम करने के लिए कुछ अलग खान-पान संबंधी आदतें अपना लेते हैं। अब इनकी वजह से वजन और मोटापा तो कम हो जाता है, लेकिन इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इन्हीं आदतों को ईटिंग डिसऑर्डर यानी खान-पान से जुड़ी बीमारी कहा जाता है।

## ईटिंग डिसऑर्डर क्या है?

यह एक तरह का मेंटल डिसऑर्डर होता है, जिसमें व्यक्ति कभी तो जरूरत से भी ज्यादा खाता है तो कभी बहुत ही कम खाता है। इतना कम कि उसका वजन कम हो जाता है और बॉडी मास भी घट जाता है, जिसकी वजह से वह एनोरेक्सिया नर्वोसा का शिकार हो जाता है। एक रिसर्च के अनुसार, एनोरेक्सिया के मरीजों का दिमाग बाकी लोगों की तुलना में कुछ अलग तरीके से व्यवहार करता है और कुछ लोग जन्म से ही इस बीमारी की संभावना के साथ पैदा होते हैं। कई लोग तो शरीर में मौजूद कैलरी को घटाने के लिए हानिकारक तरीकों का सहारा लेते हैं, जिससे बुरा असर पड़ता है।

## ईटिंग डिसऑर्डर के कारण

ईटिंग डिसऑर्डर होने के मुख्य कारणों का तो अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जाता है कि यह स्थिति जैविक और वातावरण संबंधी कारकों की वजह से होती है। एक शोध के अनुसार, एनोरेक्सिया और बुलिमिया नाम की खान-पान संबंधी बीमारी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में 10 गुना अधिक होती है।

## एनोरेक्सिया नर्वोसा के लक्षण

एनोरेक्सिया नर्वोसा से पीड़ित व्यक्ति के अंदर हर वक्त इस बात का डर रहता है कि कहीं उसका वजन तो नहीं बढ़ रहा। इस चक्कर में वह कम खाना शुरू कर देता है। नतीजा यह होता है कि वक्त के साथ उसका बॉडी वेट और मास कम हो जाता है। कमजोरी और चक्कर आने लगते हैं, हड्डियां दिखने लग जाती हैं और पीड़ित व्यक्ति कई बार खुद को बैंलेंस नहीं कर पाता। यह बात भी समझने की जरूरत है कि जो लोग बचपन में मोटापे का शिकार हो जाते हैं उनमें एनोरेक्सिया नर्वोसा का शिकार होने के चांस अधिक होते हैं।

## बुलीमिया नर्वोसा के लक्षण

वहीं बुलीमिया नर्वोसा में व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खाता है और हमेशा अपने वजन को लेकर चिंतित रहता है। ऐसे लोग कई बार खाने-पीने के मामले में परहेज करते हैं, लेकिन वजन कम नहीं हो पाता और न ही वे अपने खान-पान को कंट्रोल कर पाते हैं। एनोरेक्सिया और बुलीमिया आमतौर पर 15 वर्ष की उम्र से शुरू हो जाता है।

## ईटिंग डिसऑर्डर से बचाव

- इस स्थिति से बचने के लिए रोजाना तीनों वक्त का खाना खाएं और वह पौष्टिक हो। सही समय पर ब्रेकफस्ट, लंच और डिनर करें।
- दही, फ्रूट्स, छाछ के अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां और फल खाएं। अगर एकदम से खाने-पीने में दिक्कत आ रही हो तो फिर धीरे-धीरे शुरू करें। जैसे कि ब्रेकफस्ट न करने का मन हो तो एक रोटी खा लें। इसी तरह लंच और डिनर भी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में करें। धीरे-धीरे इस मात्रा को सामान्य करने की कोशिश करें। ऐसा करने से आपको सही खान-पान की आदत हो जाएगी।
- एनोरेक्सिया से पीड़ित इंसान के लिए खाना मुश्किल हो जाता क्योंकि वह किसी भी चीज के तात्कालिक सुख को महसूस नहीं कर पाता। ऐसा व्यक्ति खाने का स्वाद भूल सा जाता है और इस चक्कर में कुछ भी खाता रहता है। इस समस्या से निपटने के लिए डॉक्टर से मिलें और दिए गए दिशा-निर्देश का पालन करे।
- नियमित तौर पर थोड़ी मात्रा में कुछ हेल्दी खाने की आदत डाले।
- कई लोग दोस्तों और अन्य लोगों के प्रेशर में आकर खाना-पीना छोड़ देते हैं। ऐसा बिल्कुल भी न करें। लोगों की बातों पर ध्यान न दें और एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें।
- जब भूख लगे तब खाएं। जबरदस्ती भूखा न रहें। सही वक्त पर खाएं। ऐसा करने से न सिर्फ खान-पान संबंधी बीमारी दूर हो जाएगी बल्कि आप हेल्दी भी हो जाएंगे।

## ईटिंग डिसऑर्डर का इलाज

ईटिंग डिसऑर्डर का इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति में खान-पान संबंधी बीमारी किस तरह की है और उसका लेवल क्या है। ईटिंग डिसऑर्डर के लिए कई तरह की थेरपी दी जाती हैं, जिनमें आर्ट थेरपी, रिक्रिएशन थेरपी और म्यजिक थेरपी प्रमुख हैं। इसके अलावा बिहेवियरल थेरपी, कॉग्निटिव रेमेडिएशन थेरपी, फैमिली थेरपी और इंटरपर्सनल सायकोथेरपी भी की जाती हैं।हाल ही में एक स्टडी आयी है जिसमें ईटिंग डिसऑर्डर के शुरुआती चेतावनी के संकेतों के बारे में बताया गया है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ सायकायट्री में प्रकाशित इस स्टडी में उन शुरुआती चेतावनी संकेतों के बारे में बताया गया है जिनसे यह पता चल सकता है कोई व्यक्ति ईटिंग डिसऑर्डर यानी खान-पान की बीमारी से पीड़ित है या नहीं।



# ड्राई स्किन के लिए फायदेमंद है खीरा, ऐसे करें इस्तेमाल

आखिर कौन नहीं चाहता कि उसकी स्किन ग्लो करे और उस पर कोई दाग-धब्बा न हो? हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है और इसके लिए लोग महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स के अलावा ब्यूटी पार्लर तक का चक्कर लगाते हैं। लेकिन खूबसूरत स्किन का राज हेल्दी खान-पान में छिपा है। हेल्दी खान-पान के अलावा मौसमी चीजें खाने से भी स्किन को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, जिनसे उसमें जान आ जाती है। गर्मी चरम पर है और इस मौसम में स्किन के लिए खीरे से ज्यादा फायदे कोई चीज नहीं। ड्राई स्किन पर तो खीरा जादुई असर दिखाता है। आइए नजर डालते हैं स्किन के लिए खीरे के फायदों पर:

- खीरे में सिलिका होता है जो स्किन को लंबे समय तक जवां और हेल्दी रखने में मददगार है।
- खीरे में ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स के अलावा विटमिन सी, बी1 और ए के अलावा बायोटिन और पोटैशियम होता है। इन तत्वों की वजह से यह न सिर्फ स्किन टोन को लाइट करता है बल्कि उसे हाइड्रेट कर चमकदार बनाता है।
- खीरा डार्क सर्कल्स और आंखों के आस-पास सूजन को भी कम करने में मदद करता है। इसके लिए खीरे के मोटे-मोटे टुकड़े काटकर 5 मिनट के लिए आंखों पर रख लें और फिर उन्हें हल्के हाथों से आंखों पर रब करें। अब ठंडे पानी से आंखें धो लें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में डार्क सर्कल कम हो जाएंगे।
- खीरा चेहरे से ब्लैकहेड्स को दूर करने में भी मदद करता है। इसके लिए खीरे के टुकड़ों को रोजाना चेहरे पर मलें और साफ पानी से धो दें।
- खीरे में कुछ ऐसे तत्व होते हैं स्किन के कनेक्टिव टिशू को एक साथ कसकर रखते हैं। इससे न तो चेहरे पर रिंकल्स पड़ते हैं और न ही बढ़ती उम्र का पता चल पाता है।
- खीरा एक नैचरल मॉइश्चराइजर का काम करता है। इससे स्किन हेल्दी रहती है। खीरा पानी का बहुत अच्छा स्रोत है। इसमें 96 फीसदी पानी होता है। इसलिए इसके रोजाना सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और स्किन पर भी ग्लो रहता है।

## ड्राई स्किन के लिए खीरे का मास्क

स्किन की ड्राईनेस को दूर करने के लिए खीरा और जई के आटे का फेस मास्क एकदम परफेक्ट रहता है। मास्क बनाने के लिए एक खीरा छीलकर उसे मिक्सी में पीस लें। इसमें 3 चम्मच जई का आटा मिलाएं। 1 नींबू निचोड़ें और 2 बूंद शहद डालकर मिक्स कर लें। इस मास्क को पूरे चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे तक ऐसे ही रहने दें और फिर हल्के हाथों से चेहरे को मलें और फिर ठंडे पानी से धो दें। इस पैक को हफ्ते में दो बार चेहरे पर लगाएं। कुछ ही दिन में स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग हो जाएगी।



# मौसम होगा और सुहाना, जब छतरी गाएगी गाना

बारिश के मौसम में छाता जरूरी चीज बन जाता है। बाजार में भी छाते की कई वरायटी मौजूद हैं। इनमें पैदल चलने से लेकर बाइक और कार में इस्तेमाल करने वाले छाते शामिल हैं। कई छाते तो इतने हाईटेक हैं जो बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे। एक नजर ऐसे ही कुछ छातों पर:

**7 टेक ब्लूटूथ स्पीकर कॉम्पैक्ट अंब्रेला:-** इस छाते के हैंडल में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी वाला स्पीकर दिया है।

इसे फोन से कनेक्ट करके बारिश में घूमने का मजा लिया जा सकता है। वॉल्यूम को कंट्रोल करने के लिए बटन दिए हैं। वहीं, गाने भी हैंडल से ही चेंज किए जा सकते हैं। इसमें माइक्रो एसडी कार्ड लगाकर भी म्यूजिक का मजा लिया जा सकता है।

**न्यूब्रेला हैंडफ्री अंब्रेला:-** न्यूब्रेला ब्रैंड का ये हैंडफ्री छाता बेहद स्टाइलिश है। इसे बैग की तरह पहना जाता है। फिर इसमें दी गई छतरी को सिर के ऊपर खोल लिया जाता है। टू-वीलर ड्राइविंग के दौरान भी इसे पहना जा सकता है।


**कैंडी सेल्फी रॉड ब्लूटूथ अंब्रेला:-** इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी है। जो स्टिक दी गई है उसे सेल्फी स्टिक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें क्लिप दी गई है जिसमें फोन को फिक्स करके फोटो खींच सकते हैं। छाते के अंदर 3डी प्रिंट वाला फ्लोरल डिजाइन दिया है, जिससे ऐसा लगता है कि एक बड़ा सा फूल छाते में फंसा है।

**फिशिंग कैप अंब्रेला:-** इस तरह के छाते का इस्तेमाल धूप से बचने के लिए किया जाता है, क्योंकि इसका साइज छोटा होता है। ऐसे में ये बारिश से पूरी तरह नहीं बचा सकता। इनकी खास बात है कि ये सिर में फिक्स हो जाते हैं। जिससे दोनों हाथ फ्री रहते हैं।

**9 फुट लंबा छाता:-** ये छाता 9 फुट लंबा है। इसका लंबा हैंडल फोल्डेबल है। साथ ही, इसे अलग-अलग डायरेक्शन के हिसाब से घुमाया भी जा सकता है। यानी बारिश हवा के साथ तिरछी आ रही है, तब आप छतरी की पोजिशन बदल सकते हैं। वैसे, धूप में भी ये आपको पूरा प्रटेक्शन देता है। यह इतना बड़ा है कि 5 से 6 लोग इसमें आसानी से छिप सकते हैं। छाते में 24 एलईडी लाइट्स हैं, जो इसे खास बनाती हैं। ये लाइट्स छाता में चारों तरफ लगी हुई हैं।



# प्रभास का इंवेस्टमेंट प्लानः दुबई में होटल बिजनेस में इंवेस्ट करने जा रहे हैं एक्टर, 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति के हैं मालिक



साउथ सुपरस्टार प्रभास एक फिल्म के लिए लगभग 40-45 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रभास 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति के मालिक हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने इस पैसे को इंवेस्ट करने का प्लान निकाल लिया है। प्रभास इन पैसों को दुबई में होटल बिजनेस में लगाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने बातचीत भी शुरू कर दी है।

## इस बिजनेस में प्रभास को फ्यूचर में फायदा मिल सकता है

रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके इंवेस्टमेंट बैंकर भी इसे बड़े पैमाने पर शुरू करने की प्लानिंग कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि होटल के बिजनेस में पैसे लगाने का उन्हें फ्यूचर में फायदा मिल सकता है। वहीं कुछ लोग कह रहे हैं कि एक्टर का दुबई में एक आलीशान घर है और वो अपना ज्यादातर समय वहीं बिताते हैं। यही एक कारण है कि उन्होंने दुबई में बड़े पैमाने पर पैसा इंवेस्ट करने का फैसला लिया।

## 20 साल पहले शुरू हुआ था एक्टिंग करियर


प्रभास ने साल 2002 में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म 'ईश्वर' से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखाया था। इस फिल्म से प्रभास को पहचान हासिल नहीं हुई, लेकिन जब ठीक 2 साल बाद 'वर्षम' रिलीज हुई तो प्रभास ने साउथ में लाखों फैंस बनाए।

## प्रभास के अपकमिंग प्रोजेक्ट

साल 2015 में प्रभास एसएस राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'बाहुबली' द बिगनिंग में अमरेंद्र बाहुबली के रोल में नजर आए थे। इसके अलावा एक्टर 'आदिपुरुष', 'सलार' और 'प्रोजेक्ट के' जैसी फिल्मों का हिस्सा हैं। रामायण पर आधारित फिल्म 'आदिपुरुष' को 3ष्ठ में बनाया गया है। यह फिल्म पूरे 400 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई है। फिल्म में प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान लीड रोल में नजर आने वाले हैं।

वहीं प्रशांत नील की एक्शन फिल्म 'सालार' में प्रभास के साथ श्रुति हसन, दिशा पाटनी और जगपति बाबू लीड रोल में दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे 2023 में रिलीज किया जाएगा।

# 'शक्तिमान' को करोड़ों के बजट में बनाने की चल रही है तैयारी, 2023 में शुरू हो सकती है शूटिंग!



90 के दशक के किसी भी शख्स से अगर शक्तिमान के बारे में पूछो तो उसके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। दरअसल, शक्तिमान सीरियल का जादू ही कुछ ऐसा था कि उस जमाने के लोग आज भी इससे खुद को जुड़ा हुआ मानते हैं। इस टीवी सीरियल में शक्तिमान को असाधारण शक्ति वाले सुपरहीरो के रूप में दिखाया गया था। शो में बुराई से लड़ना और दुनिया को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी थी। अब लंबे समय के बाद शक्तिमान आखिरकार वापसी करने के लिए तैयार है। हालांकि यह वापसी इस बार टीवी पर नहीं बल्कि बड़े पर्दे पर होने वाली है। इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। माना जा रहा है कि यह फिल्म 'केजीएफ', 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

## ये सुपरस्टार बन सकते हैं शक्तिमान

बीते कई दिनों से इस फिल्म की चर्चा जोरों पर है। लोग अपने सुपरहीरो को बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। हालांकि यह किरदार कौन निभाएगा इस बात का अबतक आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो रणवीर सिंह इस फिल्म में लीड रोल में नजर आ सकते हैं। रणवीर इन दिनों कई फिल्मों में व्यस्त हैं। जल्दी ही वो फिल्म 'सर्कस' में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह शंकर की फिल्म 'अन्नियन' की रीमेक और करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में भी काम कर रहे हैं। करण जौहर यह फिल्म 2023 में रिलीज करेंगे। अगर सब कुछ सही रहा और रणवीर सिंह को इस किरदार के लिए फाइनल कर लिया गया तो वह इन फिल्मों के बाद ही 'शक्तिमान' के लिए अपनी डेट्स दे सकते हैं।

## कौन करेगा निर्देशन?

लीड एक्टर की तरह इस फिल्म के निर्देशक पर भी अभी मुहर नहीं लगी है। हालांकि अनुभव सिन्हा इस फिल्म के लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं। अनुभव इससे पहले साल 2011 में फिल्म रा.वन का निर्देशन कर चुके हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान सुपरहीरो की भूमिका में थे। इस फिल्म से अनुभव की निर्देशन क्षमता उभरकर सामने आई थी।

## क्या होगा फिल्म का बजट?

फिल्म के बजट पब्लिकली सामने नहीं आ सका है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में वीएफएक्स का भरपूर इस्तेमाल किया जाएगा जिसकी वजह से इसका बजट ज्यादा होगा। माना जा रहा है कि फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपए से अधिक होगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जल गुणवत्ता पखवाड़ा में क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल उपयोग के प्रति किया जा रहा जागरुक

**सुकमा।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड कोंटा के ग्राम पंचायत-पोलमपल्ली में जल गुणवत्ता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह , ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, शिक्षक ,मांझी एवं जल जीवन मिशन के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण समन्वयक अरुण सरकार, सूचना शिक्षा एवं संचार समन्वयक अजीत पोटाई, आई.एस.ए.समन्वयक सामदेव उसेंडी एवं आई.एस.ए टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें वर्षा ऋतु के दौरान पेयजल स्रोतों के प्रदूषण के करण जल जनित बीमारियों जैसे डायरिया, टाइफइड एवं हैजा आदि से बचाव हेतु समस्त जल स्रोतो का क्लोरीनेशन कर शुद्धिकरण करने हेतु जन जागरुकता लाई जा रही है। ग्राम वासियों के घरों, शालाओ एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल उपयोग तथा पेयजल के उचित भंडारण के प्रति व्यापक जन जागरूकता और जल बचाव एवं स्वस्थ रखने हेतु शपथ दिलाया गया। इस कायक्रम को सफल बनाने में गाँव मे स्कूली बच्चों एवं महिलाओं द्वारा अपना योगदान दिया गया। उन्होंने रैली के माध्यम से ग्रामीणों काके जागरूक किया।

### भिलाई की सुहानी मित्रा बनी मिस छत्तीसगढ़ 2022

**भिलाई।** मिस छत्तीसगढ़ 2022 का खि़ताब भिलाई की सुहानी मित्रा के नाम दर्ज हो गया है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने मिस्टर एंड मिस छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें 30 प्रतिभागियों का ही चयन फाइनल राउंड के लिए हो पाया। मिस कैटेगरी में भिलाई शांति नगर की कुमारी सुहानी मित्रा ने छत्तीसगढ़ दो हजार बाईस का खिताब अपने नाम किया। मात्र अठारह वर्ष की आयु में ही सुहानी मित्रा ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से या उपाधि हासिल की है। बहुआयामी प्रतिभा की धनी सुहानी मित्रा ने इसी साल ही बहुत ही अच्छे अंकों के साथ बारहवीं परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। जील इंटरटेनमेंट के द्वारा दुर्ग के निजी रिसोर्ट में आयोजित इस फैशन स्पर्धा के लिए प्रतिभागियों को योग, जुंबा, फोटोशूट, पर्सनल डेवलपमेंट, रैंप वॉक, टैलेंट राउंड , आउटडोर एक्टिविटी, ग्रूमिंग, पर्सनल केयर जैसे प्रशिक्षण दिए गए थे।

### 'प्रत्येक राज्य के वित्त मंत्री को ज्ञापन देकर व्यापारी करेंगे इस निर्णय को वापिस लेने की मांग'

# मार्का लगे खाद्यान्न, दही, बटर, लस्सी आदि को जीएसटी में लाने से आम आदमी होगा प्रभावित

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 7 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स( कैट) सी.जी.चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में व्यापार सम्मेलन चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट,




रायपुर में आयोजित की गई।

व्यापार सम्मेलन में मुख्य अतिथि - कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स( कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी.भरतिया जी, अध्यक्षता- माननीय श्री प्रवीण खंडेलवाल जी,राष्ट्रीय महासचिव एवं विशेष अतिथि माननीय श्री सुमीत अग्रवाल जी, राष्ट्रीय सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी.भरतिया जी,राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रवीण खंडेलवाल जी, राष्ट्रीय सचिव सुमीत अग्रवाल जी, चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कैट प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि जीएसटी कॉउंसिल ने गत 28-29 जून को अपनी मीटिंग में किसी भी प्रकार का मार्का लगे हुए खाद्यान्न, बटर, दही, लस्सी आदि को 5 प्रतिशत के कर स्लैब में लाने को देश के आम नागरिकों पर प्रतिकूल प्रभाव डालना बताते हुए कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) एवं अन्य खाद्यान्न संगठनों ने कहा कि यह निर्णय छोटे निर्माताओं एवं व्यापारियों के मुकाबले बड़े ब्रांड के व्यापार में वृद्धि करेगा और आम लोगों द्वारा उपयोग में लाने वाली वस्तुओं को महँगा करेगा । अब तक ब्रांडेड नहीं होने पर विशेष खाद्य पदार्थों, अनाज आदि को जीएसटी से छूट दी गई थी। कॉउन्सिल के इस निर्णय से प्री-पैक, प्री-लेबल वस्तुओं को अब जीएसटी के कर दायरे में लाया गया है ।

अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों जैसे आटा,पोहा इत्यादि पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी का प्रावधान किया गया है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी.भरतिया जी,राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय सचिव सुमीत अग्रवाल जी, चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कैट प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि इस मामले पर सभी राज्यों की अनाज, दाल मिल सहित अन्य व्यापारी संगठन अपने-अपने राज्यों के वित्त मंत्रियों को ज्ञापन देकर इस निर्णय को वापिस लेने का आग्रह करेंगे ।

### 10 दिन में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े 4846 आवेदनों का निराकरण

# मोर महापौर-मोर द्वार : रायपुर नगर निगम के 20 वार्ड में पहुंची शहरी सरकार

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर। हर व्यक्ति तक नागरिक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा 'मोर महापौर-मोर द्वार' कार्यक्रम सभी 70 वार्ड में आयोजित हो रहा है। विगत 27 जून से शुरू हुए इस कार्यक्रम में महापौर श्री एजाज़ ढेबर दूरभाष पर नागरिकों से चर्चा कर उनकी शिकायतें सुनते है एवं उसी दिन पूरी शहरी सरकार एक साथ बस में सवार होकर नियत वार्ड में जाकर समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित करती है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 4846 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। मोर महापौर-मोर द्वार कार्यक्रम 5 अगस्त तक संचालित होगा।**

### जरूरी बुनियादी अधोसंरचना विकास की सौगात दे रहे है महापौर



वार्डवार जन शिकायतों के निराकरण के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे है, जिनमें महापौर, एम.आई.सी. के सदस्य, नगर निगम आयुक्त सहित मुख्यालय व जोन के अधिकारी उपस्थित रहते है। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा नागरिक समस्याओं के निदान के लिए स्वास्थ्य, राजस्व, श्रम, नगर निवेश, लोक कर्म, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत, खाद्य जैसे महत्वपूर्ण विभागों से जुड़ी नागरिक समस्याओं के निदान के लिए शिविर में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है, अंतर्विभागीय समन्वय होने व सभी विभागों की शिविर में उपस्थिति का सीधा लाभ आम नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। मोर महापौर-मोर द्वार कार्यक्रम के तहत विगत 10 दिनों में आयोजित 20 शिविरों में अब तक 4 हजार 8 सौ 46 आवेदन निराकृत किए जा चुके हैं। इन शिविरों में 1383 आय प्रमाण पत्र, 212 निवास, 186 जाति प्रमाण पत्र, 785 आयुष्मान कार्ड, 327 नये आधार कार्ड, 249 नये राशन कार्ड, 264 श्रम पंजीयन कार्ड शिविर स्थल पर ही बनाकर प्रदान किए गए है। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनों को ट्राई सायकिल, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर भी इन शिविरों में प्रदान किए गए है।

शहरी आजीविका मिशन द्वारा अब तक 46 हितग्राहियों को वेंडर कार्ड, 52 लोगों को पीएम स्वनिधि प्रोफाइलिंग, 50 के लोन बैंक लिंकेज के प्रकरण तैयार कर सहायता प्रदान की गई है। इसी तरह पेंशन के 29, संपश्रिकर से संबंधित 15 प्रकरणों के निराकरण के साथ ही 439 लोगों ने अपने आधार कार्ड में जरूरी सुधार के लिए शिविर का लाभ उठाया। महिला स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस शिविर में महिला उद्यमी को ई-रिक्शा जैसी सुविधा भी प्रदान की गई है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी सभी शिकायतों पर कार्यवाही करने नगर निगम ने 66 नाली एवं पुलिया की सफाई के साथ 29 स्थानों पर कचरा का उठाव के साथ ही 39 लोगों को कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा सुलभ कराई गई। 264 नये आवेदन पर श्रमिक पंजीयन कार्ड हेतु प्रक्रिया शुरू की गई एवं संपूर्ण दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत 35 श्रमिकों को शिविर स्थल में ही श्रम कार्ड प्रदान किया गया।

शिविर में 156 कार्डधारियों ने अपने राशन कार्ड में जरूरी सुधार कराया, वहीं 32 लोगों ने नया राशन कार्ड भी प्राप्त किया। इसके अलावा 30 नये नल कनेक्शन, 20 नल कनेक्शन सुधार, 37 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं 2 विवाह प्रमाण पत्र भी जारी हुए। प्रधानमंत्री आवास से जुड़े 39 आवेदन इन शिविरों में निराकृत हुए है, विद्युत विभाग से जुड़ी 25 शिकायतों का निदान भी अब तक किया गया है। महापौर श्री एजाज़ ढेबर द्वारा वार्ड भ्रमण कर सड़क, बिजली, साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण भी कर रहे है एवं इस आधार पर आवश्यक निर्माण या सुधार कार्य के लिए महापौर निधि से राशि की स्वीकृति भी प्रदान कर रहे है।

# गौठान की छोटी सी मुर्गीपालन यूनिट से 12 हजार चूजों के बड़े पोल्ट्री फार्म तक का सफर एक साल में



श्रीकंचपथ न्यूज

**दुर्ग। हजार मील लंबे सफर की शुरूआत एक छोटे से कदम से होती है। यह कथन सार्थक किया है थनौद की अमर स्वसहायता समूह की महिलाओं ने। शासन के प्रोत्साहन से उन्होंने हिचकते हुए 400 चूजों को लेकर मुर्गीपालन की एक यूनिट गौठान में शुरू की थी। सफलता मिलने पर उन्होंने हैचरी डाल ली। इससे और लाभ हुआ और अब उन्होंने 12 हजार चूजों की बड़ी यूनिट शुरू कर दी है। एक चूजे की कीमत 5 रुपए होती है। इसे बड़ाकर बेचेंगे और इसका लाभ लगभग 30 से 40 रुपए होगा।**

90 दिनों में चूजे बिकने योग्य हो जाते हैं और उम्मीद है कि इन तीन महीनों में 4 लाख रुपए की आय स्वसहायता समूह की महिलाओं की होगी। लगभग साल भर में 16 लाख रुपए की आय इन्हें होने की उम्मीद है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ाने की मंशा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर सभी गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने कार्य किया जा रहा है। जिन गौठानों में यह कार्य सफलतापूर्वक हो रहा है वहां इन्हें अपग्रेड करने की दिशा में कार्य हो रहा है। थनौद यूनिट को सहायता करने पर बहुत अच्छा रिस्पांस मिला। इन महिलाओं के उद्यम को प्रोत्साहित किया गया और आगे भी कार्य करने के लिए कहा गया। परिणाम बहुत अच्छे आये हैं और केवल 8 सदस्यों वाले इस समूह का आर्थिक लाभ तेजी से बढ़ गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हुए समूह की अध्यक्ष पूर्णिमा धनगर ने बताया कि हम सब बहुत खुश हैं। पहले तो हम लोगों ने हिचकते हुए काम शुरू किया। जिला प्रशासन के अधिकारियों का बहुत सहयोग मिला। लगातार तकनीकी मार्गदर्शन मिलता रहा और आज हम इतने बड़े शेड में कार्य कर पा रहे हैं। बहुत अच्छा लग रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री मोहित कामले ने बताया कि तकनीकी मार्गदर्शन से महिलाएं बहुत अच्छा काम कर रही हैं। हम मुर्गीपालन के लिए जरूरी तमाम सावधानी उन्हें बता रहे हैं। इसका उपयोग करने से चूजों को सुरक्षित रखने में मदद मिल रही है।

54 गौठानों में चल रहा मुर्गीपालन- इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. डी.वी. राठिया, उपसंचालक पशु चिकित्सक सेवाएं ने बताया कि जिले के 54 गौठानों में मुर्गीपालन का कार्य हो रहा है। गौठानों के मुर्गीपालन यूनिट को तेजी से अपग्रेड किया जा रहा है। गौठानों में हैचरी यूनिट भी आरंभ कर दी गई है। थनौद में जिस लेवल का काम हुआ है उससे स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने अपने आपको बड़े फार्म यूनिटों की बराबरी में खड़ा कर दिया है और अभी तो ये शुरूआत ही है।

# सोच को ऊंची करके हम हिमालय से भी ऊंचे उठ सकते हैं-राष्ट्रसंत ललित प्रभ

श्रीकंचपथ न्यूज

**भिलाई। राष्ट्र-संत ललितप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि नकारात्मक सोच तोड़ती है, सकारात्मक सोच जोड़ती है। साधारण किस्म के लोग गिलास आधा खाली देखते हैं, समझदार लोग गिलास आधा भरा देखते हैं। ऊँचाई छूने वाले लोग गिलास पूरा भरा देखते हैं ताड़ासन करके भी हम अपनी हाईट 2 इंच से ज्यादा नहीं बढ़ा सकते, पर सोच को ऊँची उठाकर एवरेस्ट से भी ज्यादा ऊँचे हो सकते हैं।**



उन्होंने कहा कि ईश्वर के घर से हम में से हर इंसान को एक बहुत बड़ी ताकत मिली है, वह है - सोचने-समझने की क्षमता। अपनी इस एक क्षमता के बलबूते इंसान संसार के समस्त प्राणियों में सबसे ऊपर है। हम सोच सकते हैं इसीलिए हम इंसान हैं। यदि हमारे जीवन से सोचने की क्षमता को अलग कर दिया जाए तो हमारी औकात किसी चैपाये जानवर से अधिक न होगी। संतप्रवर जैन श्री संघ द्वारा बाजार के जैन मंदिर उपाश्रय में आयोजित प्रवचन माला के दौरान श्रद्धालुओं को जीने की कला सिखाते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपकी सोच आपके विचारों को, विचार वाणी को, वाणी व्यवहार को, व्यवहार आपके व्यक्तित्व को प्रेरित और प्रभावित करता है। एक सुंदर और खूबसूरत व्यक्तित्व, व्यवहार, वाणी और विचारों का मालिक बनने के लिए अपनी सोच को कुतुबमीनार जैसी ऊँची, ताजमहल जैसी सुन्दर और देलवाड़ा के मन्दिरों जैसी खूबसूरत बनाइए। उन्होंने कहा कि सोच को सुन्दर बनाना न केवल अपने संबंध, सृजन और आभामंडल को सुन्दर तथा प्रभावी बनाने का तरीका है बल्कि सुन्दर सोच परमपिता परमेश्वर की सबसे अच्छी पूजा है। संतश्री ने कहा कि अच्छी सोच स्वयं ही एक सुन्दर मंदिर है जहाँ से सत्यम शिवम सुन्दरम का मन लुभावन संगीत अहर्निश फूटता रहता है। सोच अगर सुन्दर है तो स्वर्ग का द्वार सदा आपके लिए खुला है। सोच के बदसूरत होते ही शैतान का हम पर राज हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छी, सुन्दर और सकारात्मक सोच स्वयं ही महावीर का समवसरण, बुद्ध का स्वर्ण-कमल, राम का रामेश्वरम और कृष्ण का वृंदावन धाम है।

राष्ट्र-संत ने सभी श्रद्धालुओं को निवेदन किया कि जरा दो मिनट के लिए इस संसार के प्रति अच्छी सोच लाकर देखिए, आपको किसी दूसरे स्वर्ग को पाने की

बजाय इसी धरती को स्वर्ग जैसा सुन्दर बनाने की तमन्ना जग जाएगी। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री और अब्दुल कलाम जैसे लोग गरीब घर में पैदा होकर भी और धीरूभाई अंबानी इंटरमीडियट होकर भी शीर्ष पर पहुँच गए, तो फिर हम ही मुँह लटकाए मायूस क्यों बैठे हैं। जीवन में फिर से जोश जगाएँ और कामयाबी के आसमान को छूने के लिए अभी इसी वक्त छलांग लगा दें। उन्होंने कहा कि आपकी हाइट अगर साढ़े पाँच फुट की है तो ताड़ासन करके भी आप अपने सिर को छह फुट से ऊँचा नहीं कर सकते, पर आप अपनी सोच को ऊँचा उठाना चाहें तो हिमालय से भी ऊपर उठ सकते हैं।

संतप्रवर ने कहा कि संकीर्ण सोच, स्वार्थी सोच, निराशा भरी सोच, मंथरा सोच, घमंडी सोच - सोच की विकृतियाँ हैं। इन विकृतियों के झाड़-झंखारों को अपने मन के खेत से उखाड़ फेंकिए। आपके दिमाग की जमीन उपजाऊ है, नई ऊर्जा और उमंग के साथ सबको मधुर फल देने वाले बीज बोइए। उन्होंने कहा कि जिस पड़ौसी से आपको जलेसी है, जिस सास से आपको शिकायत है, जिस पिता से आपको पीड़ा है।































## खास-खबर

### घर छोड़ने के बहाने सुनसान जगह ले जाकर युवती से दुष्कर्म करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** डीडी नगर थाने की पुलिस ने दुर्ग जिले के नेवई थानांतर्गत 131 डी, सेक्टर रिसाली के रहने वाले दुष्कर्म के फरार आरोपित 58 वर्षीय महेश चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। थाने में दुर्ग की रहने वाली पीड़िता ने 25 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार किसी कारणवश युवती भिलाई पावर हाउस रिसाली सेक्टर स्थित एक स्कूल के पास सड़क किनारे रो रही थी। इसी दौरान महेश चंद्राकर उसके पास पहुंचा और कहा कि घर छोड़ देता हूं। लेकिन, वह बाइक से रायपुर के महादेव घाट गोकुल धाम के सामने खाली प्लाट में स्थित एक खंडहर में ले कर चला आया। यहां पर उसने दुष्कर्म किया।

### सूने मकान में चोरी, शादी कार्यक्रम में जगदलपुर गया था परिवार

**रायपुर ( ए )।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। अज्ञात चोरों ने जेवर और नकदी रकम सहित डेढ़ लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने जगदलपुर गया था। पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटने की जानकारी दी। टिकरापारा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टिकरापारा थाने में हर्ष टावर के पीछे देवपुरी निवासी दिनेश चंद्र मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दो जुलाई को प्रार्थी अपने पूरे परिवार के साथ जगदलपुर शादी कार्यक्रम में गए थे। छह जुलाई को सुबह तकरीबन साढ़े नौ बजे उनके पड़ोसी करूणाकांत ठाकुर ने फोन कर बताया कि घर के बाहर मेन गेट का ताला टूटा है, चोरी की आशंका है। दिनेश ने परिवार सहित जगदलपुर से वापस आकर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा था, अंदर में सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी खुली थी, जिसमें रखे जेवर और 25 हजार नकदी कोई चुरा ले गया था। इसके अलावा दो लेपटाप, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, एक टेबलेट भी चुरा ले गए।

### बिलासपुर में इंजीनियर ने दोस्त को रौब दिखाने की हवाई फायरिंग

**बिलासपुर ( ए )।** आरइएस मस्तूरी में पदस्थ इंजीनियर ने अपने दोस्त पर रौब झाड़ने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। इस समय पास ही अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस पहुंची थी। फायरिंग की आवाज सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची और इंजीनियर व उसके मैनेजर दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इंजीनियर और उसके दोस्त के कब्जे से चाकू और पिस्टल जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सरकंडा थाना प्रभारी उत्तम साहू ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस की टीम राजकिशोर नगर में अवैध शराब बेचने वालों की जानकारी जुटा रही थी। इसी बीच एक आरक्षक ने गार्डन की ओर फायरिंग की आवाज सुनी। फायरिंग की आवाज सुनते ही आरक्षक और उनके साथी पानी टंकी के पास पहुंचे। मौके पर मस्तूरी आरइएस में पदस्थ इंजीनियर अभिषेक भारद्वाज(34) और रायपुर स्थित सीमेंट फैक्ट्री में सेल्स मैनेजर अनुराग पांडेय वहां मौजूद थे। जवानों ने उनसे पूछताछ की। इस पर दोनों पुलिस को गुमराह करने लगे। तलाशी के दौरान पुलिस ने इंजीनियर के कब्जे से मेड इन स्पेन पिस्टल और सेल्स मैनेजर के कब्जे से कारतूस के खाली खोखे और चाकू जब्त किए हैं। पुलिस ने पिस्टल और चाकू के साथ ही आरोपित की कार जब्त कर ली है।

#### आरोपितों से और भी हथियार मिलने की आशंका पर चलती रही पूछताछ

घटना बुधवार देर रात की है। आरोपित के कब्जे से मेड इन स्पेन पिस्टल और कारतूस के खोखे मिलने की जानकारी जवानों ने अधिकारियों को दी। इसके बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आरोपित इंजीनियर से एसीसीयू और पुलिस की टीम हथियार के संबंध में पूछताछ कर रही थी। इस दौरान इंजीनियर पुलिस को गोलमोल जवाब दे रहा था। कड़ाई करने पर उसने एक अनजान व्यक्ति से हथियार मिलने की बात कही। पुलिस इसकी तस्दीक कर रही है।

---

### पत्नी से परेशान होकर रची खुद के अपहरण की कहानी

# किडनैपर बनकर 2 लाख रुपए मांगे, 4 जिलों की पुलिस तलाश रही थी, बिलासपुर में पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांगजीर-चांपा से दो दिन पहले अगवा हुए युवक को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। पुलिस ने उसे देर रात बिलासपुर से बरामद किया तो नई कहानी सामने आ गई। पूछताछ में पता चला कि युवक ने खुद ही अपने अपहरण की झूठी कहानी रची थी। वह कर्ज के साथ ही पत्नी से भी परेशान था। ऐसे में किडनैपर बनकर उसने पत्नी से ही 2 लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला जांगजीर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, जांजगीर के चंदनिया पारा में रहने वाले महेंद्र शर्मा (31) मंगलवार सुबह दूध लेने घर से निकला था। इसके बाद वह घर ही नहीं लौटा। परिजनों ने उसे काफी फोन लगाया। पर उसका कुछ पता नहीं चला। महेंद्र की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसे किसी ने कुछ देर बाद फोन पर कॉल किया था। कह रहा था कि तेरे पति को किडनैप कर लिया है। पैसे तैयार रखना। इसे लेकर महेंद्र की मां ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

#### मोबाइल ऑन करता और लोकेशन बदल लेता

एसपी विजय अग्रवाल ने मामले को संजीदगी से लेते हुए आधा दर्जन अलग-अलग टीमें बनाकर महेंद्र की



तलाश शुरू की। जहां महेंद्र का मोबाइल ऑन हुआ था, वहां पुलिस टीम भेजी जाती, पर लोकेशन बदल जाती। इसे देखते हुए जांजगीर के साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग पुलिस को भी अलर्ट किया गया। इस दौरान बुधवार रात करीब 8 बजे महेंद्र की लोकेशन बिलासपुर के सीपत चौक पर मिली। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

#### जांजगीर से रायगढ़ और फिर बिलासपुर पहुंचा

महेंद्र ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पारिवारिक परेशानियों और कर्ज होने के चलते उसने सारी कहानी रची थी। इसके तहत वह 5 जुलाई को अपनी बाइक से दूध लेने निकला और वहां से रायगढ़ चला गया। इसके बाद बिलासपुर पहुंचा। इस बीच वह पत्नी को अपनी किडनैपिंग को लेकर कॉल करता रहा। खुद ही बताया कि 4-5 लोगों ने अगवा किया है और मारपीट कर छोड़ने की एवज में 2.30 लाख रुपए मांग रहे हैं।

#### दो साल पहले ही लव मैरिज की थी

महेंद्र की मां ऊषा शर्मा ने पुलिस को बताया था कि उसका बेटा जांजगीर के किसी फाइनेंस कंपनी एम बैंक में काम करता है। 6 महीने पहले उसकी नौकरी लगी है। कंपनी का दफ्तर रायपुर में है। ऊषा शर्मा ने यह भी बताया कि उसके बेटे ने 2 साल पहले लव मैरिज की थी। इसकी वजह से उसके ससुराल वाले भी नाराज चल रहे हैं। कई बार धमकी भी दे चुके थे।

---

### बाइक को टक्कर मार आंगन में घुसा ट्रेलर, तीन लोग घायल

**बलौदा बाजार ( ए )।** बलौदा बाजार मार्ग की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी-12 एयू 2010 ने मोड़ पर नीम पेड़ के पास खड़ी एक बाइक को टक्कर मारने के बाद एक घर की आंगन की तरफ बढ़ गया और कुर्सी पर बैठे लोगों को भी चपेट में ले लिया। ट्रेलर से टक्कर लगने पर एक डेढ़ वर्ष का बालक पुनाल साहू सहित लक्ष्मी नारायण साहू(35)और कैलाश साहू (25) सहित तीन लोग करीब 15 फीट दूर तक छिटक गए। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं ट्रेलर का चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर भाग गया। लोगों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भेजा गया। जहां से उनको कोरबा के अस्पताल रिफर कर दिया गया है। लक्ष्मी नारायण साहू का पैर टूट गया है।

---

## वनकर्मी को बोनस का झांसा देकर 20 लाख की धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर ( ए )।** सिविल लाइन पुलिस ने वनकर्मी को 80 हजार रुपये बोनस का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के बैंक खातों में जमा रकम को होल्ड कराया है। वहीं, उनके कब्जे से चेकबुक और पासबुक भी जब्त की गई है। सिविल लाइन क्षेत्र के मगरपारा में रहने वाले विनोद ध्रुव वन विभाग के कर्मचारी हैं। उन्होंने दो जून को धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि चार नवंबर 2021 को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया।

फोन करने वाले ने उन्हें बीमा पालिसी में 80 हजार रुपये बोनस मिलने की बात कही। बोनस की राशि को उनके खाते में जमा करने के लिए 30 हजार रुपये की मांग की। वनकर्मी ने उनके बताए खाते में 30 हजार रुपये जमा करा दिए। साथ ही अपनी पत्नी इंदु ध्रुव के नाम से भी बीमा करने की बात कही। इस पर जालसाजों ने उनकी पत्नी को भी एक लाख 20 हजार रुपये बोनस मिलने की बात कही।

इसके लिए उन्होंने 95 हजार की मांग की। इस पर वनकर्मी ने उनके बताए खाते में आनलाइन रुपये जमा करा दिए। जालसाज अलग-अलग बहानों से रुपये मांगते रहे। वनकर्मी ने करीब 25 लाख रुपये अलग-अलग कर जालसाजों के बताए खाते में जमा करा दिए। छह महीने तक जालसाज उनके जमा कराए रुपये और बोनस की राशि एकमुश्त मिलने की बात कहते रहे। बाद में धोखाधड़ी की आशंका होने पर मामले की जानकारी उन्होंने सिविल लाइन पुलिस को दी। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर जांच कर रही थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित दिल्ली के रहने वाले हैं। इस पर पुलिस की टीम दिल्ली के रोहणी क्षेत्र में दबिश देकर शाहबाज आलम(30), प्रिंस कुमार सिंह(22) व अर्पित कुमार श्रीवास्तव(25) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 15 चेक बुक, पांच पासबुक, मोबाइल और कंप्यूटर जब्त किया है। इसके अलावा उनके बैंक खातों को होल्ड कर दिया गया है।


## 14 लाख रुपए के नकली नोट के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार, प्रिंटर जब्त

**महासमुंद ( ए )।** बरपाली पुलिस ने बुधवार-गुरुवार दरम्यानी रात 500 रुपए के 2859 नकली नोट व प्रिंटर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरगढ़ एसडीपीओ दीपक गोछायत व बरपाली थाना अधिकारी रोजालिन पटेल ने गुरुवार को कार्रवाई की जानकारी साझा करते आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया।

बताया एसटीएफ टीम को नकली नोट के रैकेट की जानकारी मिली। टीम ने बरपाली पुलिस स्टेशन पहुंचकर सूचना दी। इस पर एसपी बरगढ़ से जानकारी साझा की गई। निर्देश मिलते ही एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम संदिग्धों की तलाश करने लगी। इस बीच बरगढ़ की ओर से महत्तमपाड़ा निवासी बलराम मेहेर आता हुआ दिखाई दिया। रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से 500 रुपए के 2595 नकली नोट (12 लाख 97 हजार 500 रुपए) और मोबाइल मिला, जिसे टीम ने जब्त किया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने नकली नोट के कारोबार की बात कबूल की। बताया कि वह ये काम पुत्तू यादव निवासी सिकर्डी थाना बुर्ला के साथ मिलकर करता है। उसकी निशानदेही पर उसके घर से नोट छाने में प्रयुक्त जेट इंक प्रिंटर जब्त किया गया। वहीं पुत्तू यादव के घर से टीम को 500 रुपए के 264 नोट (1 लाख 32 हजार रुपए) बरामद हुए।

## केवाइसी अपडेट करवाने के नाम पर ठगी, फोन-पे से कार्ड स्केन करवा निकाल लिए लाखों



**रायपुर ( ए )।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में एक महिला से लगभग तीन लाख की आनलाइन ठगी हो गई। समय पर शिकायत करने पर पुलिस ने तत्काल साइबर सेल की मदद से दो लाख रुपये होल्ड करवा दिए। 95 हजार रुपये ठग ने दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए थे।

ठग ने महिला को फोन-पे केवाइसी अपडेट करवाने के नाम पर झांसे में लिया और एटीएम कार्ड स्केन करवाकर दो खाते से दो लाख 95 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कबीर थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि अविनाश प्राइड निवासी उमा मित्रा ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह गृहिणी हैं। चार जुलाई को उनके नंबर पर अज्ञात कालर ने फोन किया। फोन धारक ने महिला को कहा कि उसने फोन-पे की केवाइसी उपडेट नहीं हुई है। कल से अकाउंट से 22 सौ रुपये कट जाएगा। पैसे न कटे इसके लिए कहा कुछ प्रक्रिया है उसे पूरा करते ही केवाइसी अपडेट हो जाएगी। अज्ञात फोन धारक ने प्रार्थिया को केवाइसी वेरिफिकेशन के मैसेज की जानकारी पूछी। महिला के पास कोई मैसेज नहीं आया। इसके बाद उसके ठग ने एटीएम कार्ड को फोन-पे स्केनर से स्केन करने कहा। प्रार्थिया ने अपना एटीएम कार्ड स्कैन किया। स्कैन करते ही प्रार्थिया के स्टेट बैंक अकाउंट से पैसे कट गए।

#### पैसे लौटाने एनीडेस्क डाउनलोड करवाया

प्रार्थिया ने पैसे कटने की जानकारी फोन धारक से कही। इस पर उसने झांसे में लिया और कहा कि तकनीकि खराबी की वजह से पैसे कट गए हैं। पैसे वापस पाने के लिए एनी डेस्क एप डाउनलोड करने कहा। महिला ने जैसे ही एनी डेस्क डाउनलोड किया दूसरे बैंक अकाउंट जो कि फोन-पे में जुड़ा था, उससे भी पैसे कट गए।

#### 24 घंटे के भीतर करें शिकायत

अगर कोई ठगी का शिकार होने के बाद 24 घंटे के भीतर यदि शिकायत दर्ज करवाते हैं तो पैसे होल्ड करने में सहायता मिल जाती है। शिकायत मिलते ही पुलिस अधिकारी, सीधे बैंक से संपर्क कर जिस खाते में पैसे ट्रांसफर होते हैं, उसे होल्ड करवा देते हैं। अगर कोई भी ठगी का शिकार होता है तो वह तत्काल 155260 पर शिकायत करे। इसके अलावा नजदीकी थाने में सूचना दे।

### दो दिन से लापता था जमीन दलाल

## संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी कार में लाश मिली



**बिलासपुर ( ए )।** व्यापार विहार के नए आयकर कार्यालय बिल्डिंग के सामने मेन रोड में चार पहिया गाड़ी के अंदर जमीन दलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। दो दिन पहले से वह घर से गायब था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद उसकी मौत के असली कारणों का पता चलेगा। पुलिस जांच में जुट गई है। तारबाहर पुलिस को गुरुवार की सुबह व्यापार विहार के पास चारपहिया गाड़ी में लाश होने की सूचना मिली।

पुलिस मौके पर गई और पहचान सकरी थाना क्षेत्र के उसलापुर आनंद नगर निवासी प्रवीण खूंटे पिता चंद्रभान (26)के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपनी गाड़ी से पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। रिपोर्ट मिलने के बाद उसकी मौत के असली कारणों का पता चलेगा। पुलिस जांच में जुट गई है।

---

### कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

Phone No.: 07749-222370, Email Id:- ee-res.balod@gov.in

**( E-Tender ) सूचना प्रथम बार**

क्रमांक/11/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2022-23 बालोद, दिनांक 06.07.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में डी वर्ग एवं उच्च वर्ग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित निविदा (E-Tender) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 21.07.2022 को अपरान्ह 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त ऑनलाईन निविदा को दिनांक 25.07.2022 को खोली जावेगी।

(टेण्डर नं. 104540)
निविदा राशि रू. 45.36 लाख
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 1500/-, अमानत राशि रू. 45400/-
कार्य पूर्ण करने की अवधि 10 माह

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं https://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 06.07.2022 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

( जे.आर.रजक )
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद ( छ.ग. )

जी-92791/6


Authorised For :
SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006
Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# सौर ऊर्जा से रौशन होगा बापूनगर का अस्पताल मार्ग

## जनता की मांग पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने की पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बापू नगर स्थिति अस्पताल जाने का मार्ग जल्द ही सौर ऊर्जा से चलित एलईडी लाईट से जगमगाएगा। जल्द ही इस मार्ग पर सौर ऊजा से चलने वाली एलईडी लाइट लगाई जाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। जल्द ही लाइट लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। करीब 10 लाख की लागत से एलईडी लाइट लगाई जाएगी।



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से लाइट लगाई जाएगी। कुछ माह पहले भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भेंट मुलाकात करने के लिए बापू नगर गए थे।

तब उन्होंने लोगों से मुलाकात कर वार्ड की विभिन्न समस्याओं के विषय पर चर्चा की थी। इस दौरान वार्डवासियों ने बताया था कि वार्ड में एक चिकित्सा केंद्र है। इस अस्पताल जाने वाले मार्ग बापू नगर एवं लक्ष्मीनारायण वार्ड के मध्य का रोड है। जहां रात के समय में अंधेरा पसरा रहता है। लाइट की सुविधा नहीं है। इस वजह से रात में यहां से आने वाले लोगों को बड़ी समस्या होती है। जनता की मांग पर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की और 10 लाख की लागत से सौर ऊर्जा से चलित लाईट लगाने की घोषणा की थी। विधायक श्री यादव ने क्षेत्र के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत करवाये है।

### जल्द होगा काम शुरू

जनता की मांग पर सौर ऊर्जा से चलने वाली एलईडी लाइट लगाई जाएगी। करीब 10 लाख की लागत से लगाया जाना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिया गया है कि जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र के नागरिकों को काफी लाभ मिलेगा।

देवेंद्र यादव, विधायक भिलाई नगर

## खास - खबर

### संयंत्र में सड़क सुरक्षा पर विशेष अभियान, मोबाइल वैन ने राजहरा का भ्रमण किया

**भिलाई।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के निर्देषानुसार स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड के सभी इस्पात संयंत्रों की इस्पात नगरी में आईकॉनिक वीक का आयोजन 04 से 10 जुलाई, 2022 के मध्य किया जा रहा है। इस वीक के तहत संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संयंत्र परिसर में सड़क सुरक्षा पर 08 जुलाई, 2022 को विषेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही संयंत्र के जनसंपर्क विभाग और सीएसआर विभाग द्वारा निर्मित चलित प्रदर्षनी की वैन ने इस्पात नगरी के स्कूलों के साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचलों का भ्रमण किया और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूकता लाने और इनका उपयोग न करने की जानकारी प्रचारित की। भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 8 जुलाई को संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस, ऊर्जा प्रबंधन विभाग और फांउण्ड्री शॉप में सड़क सुरक्षा पर एक विषेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अतिरिक्त दिनभर संयंत्र के सभी जगहों पर सड़क सुरक्षा को लेकर रोको-टोको अभियान और सुरक्षा वैन के माध्यम से रोड सेफ्टी पर सावधानी रखने और दुर्घटना से बचने की जानकारी प्रसारित की जायेगी। साथ ही पूरे संयंत्र में सुरक्षा संदेष का वितरण भी किया जायेगा।

### पूर्व निगमायुक्त ने अंतिम दिन गौठान पहुँचकर विदा लिया

**दुर्ग।** डाटा सेंटर सभागार कक्ष में विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव एवं अखिल भारतीय सफाई सफ़ाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेंड यूनियन के द्वारा पूर्व आयुक्त एवं रायपुर में नव पदस्थ संयुक्त कलेक्टर हरेश मंडावी का बिदाई समारोह आयोजित किया गया।आयुक्त हरेश मंडावी ने अपने 15 माह के कार्यकाल को याद किया और अंतिम दिन गौठान पहुँचकर विदा लिया,उन्होंने गोकुल नगर पुलगांव स्थित गौठान,ठगड़ा बांध एवं दादा-दादी नाना-नानी पार्क पहुँचकर इंजीनियरों के साथ पहुँचकर दुर्ग निगम क्षेत्र से अंतिम विदा ली। पूर्व आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा 15 महीने के दुर्ग नगर निगम के कार्यकाल में सभी का सहयोग मुझे हर मिनट प्राप्त होता रहा है। प्रथम लक्ष्य दुर्ग को राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दिलाना था इसीलिए स्वच्छता पर पूरा फोकस कर कार्य किया।

## वन होम वन ट्री महाअभियान के तहत महापौर निर्मल कोसरे ने ज्योति विद्यालय चरौदा में पौधा वितरण किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई-चरोदा।** महापौर निर्मल कोसरे ने वन होम वन ट्री महाअभियान के तहत ज्योति विद्यालय चरौदा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिका को पौधा वितरण किया जिसमें महापौर ने सभी कक्षाओं में जा कर बेल और फलदार पौधा वितरण किया एवं छात्र-छात्राओं को पौधा लगाना कितना जरूरी है।

उसके महत्व के बारे में बताया कि पिछले वर्ष कोरोना काल में ऑक्सीजन के अभाव से हमने कितने अपनो को खोया है हम सब की जिम्मेदारी है कि हर घर एक पौधा लगाया जाए ताकि दुबारा कोई ऑक्सीजन के अभाव से कोई अपनो को न खोए साथ ही महापौर ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि जो पौधा लगा कर सेल्फी लेकर मैसेज करेगा और उनमें से बेस्ट 40 सेल्फी को स्वयं महापौर द्वारा उपहार दिया जाएगा इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या शेरल मेरी मेम, संतोष दस सर,अश्वनी मेम, संध्या मेम, सती मेम, प्रितपाल सर,इशांत सर एमआईसी सदस्य मोहन साहू,वेंकट रमना,मनोज कुमार,पार्षद टेनेंद्र कुमार ठाकरे,पूर्व पार्षद वेंकट राव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मड़रिया, असफाक अहमद,अरमान अहमद, हरमिक सिंह, अनिकेत, मो.इमरान, शिवम उपस्थित थे।

## बच्चों ने वृक्षारोपण के जरिए प्रकृति की रक्षा का किया आह्वान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** बेंच मार्क स्कूल पद्मनाभपुर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया, स्कूल के सभी नन्हे बच्चो तेजस्विनी साहू,दृष्टि,विशु,पूर्वी समेत सारे बच्चो ने पूरे उत्साह के साथ पौधे रोपण किया। और प्रकृति की रक्षा का आह्वान किया।

बच्चो ने लिखा धन-धान्य से भरी धरा हो, ऐसी सृष्टि मिलकर बनाएं, आओ हम सब मिलकर ढेरों पेड़ लगाएं..कुछ ऐसी ही कविताओं के जरिए बच्चों ने वृक्षारोपण के जरिए प्रकृति की रक्षा का आह्वान किया,बेंच मार्क स्कूल पद्मनाभपुर में आज गुरुवार को वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इसमें बच्चों ने पर्यावरण पर कविताओं के जरिए अपने विचार रखे। इसके बाद सभी ने वृक्ष रक्षा का संकल्प लिया। प्री नर्सरी विंग के नन्हे-मुन्नी



बच्चों को फूलों की पहचान कराई गई। बच्चों ने पौधे लगाकर इन्हे गोद लिया। गोद लिए गए पौधों की देखभाल की भी जिम्मेदारी बच्चों ने उठाई। बच्चों ने तकरीबन ढेर सारे पौधे लगाए गए। शाला स्टॉप ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना ही इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य है। कार्यक्रम के अवसर पर मौजूद थे।

## निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने नेहरू नगर जोन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ज्वाइन करने के बाद से लगातार शहर का निरीक्षण कर रहे हैं वही प्रशासकीय कार्यप्रणाली से वाकिफहोने जोन कार्यालयों का भी औचक निरीक्षण कर रहे हैं। आज निगम आयुक्त ने नेहरू नगर जोन कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।



सभी कार्यालयीन स्टाफ से उनके कार्यों को लेकर अवगत हुए। विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने प्रमुख महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी जोन आयुक्त से ली। आयुक्त ने बारिश में जलभराव की स्थिति से निपटने की कार्य योजना के बारे में पूछा और किसी भी स्थिति से उबरने के लिए तैयार रहने कहा। उन्होंने कहा कि जो कार्य बारिश के दौरान हो सकते हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कर ले। प्राथमिकता तय कर कार्य करें और ऐसे कार्य जो नितांत आवश्यक है उन पर विशेष फोकस रखें। नागरिकों से जुड़ी हुई छोटी-छोटी समस्याओं जो जरूरी है उनका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि मूलभूत समस्याओं तथा स्वच्छता को लेकर प्रतिदिन सुबह अपनी टीम के साथ मॉर्निंग विजिट करें। इनोवेटिव कार्य पर फोकस रखे और पूर्व के फोटोग्राफ्स तथा बाद के अच्छे कार्य के फोटोग्राफभी रखे। सामुदायिक शौचालय को दुरुस्त रखने के निर्देश उन्होंने जोन आयुक्त को दिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य प्रारंभ हो चुके हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें तथा जो कार्य अप्रारंभ है उन्हें प्रारंभ करावे। आगे उन्होंने पट्टा एवं राशन कार्ड पर समीक्षा ली तथा संपत्तिकर वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बकायेदारों की सूची तैयार करें और शीघ्र ही इन पर नियमानुसार कार्रवाई करें। सड़कों पर रखने वाले बिल्डिंग मटेरियल पर उन्होंने जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं।

1 जुलाई से प्रतिबंधित पॉलीथिन की कार्यवाही लगातार जारी

## कार्यवाही के दौरान पॉलीथिन पाए जाने पर जब्ती के साथ जुर्माना की भी कार्यवाही होगी:आयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लग रहा है। देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के 19 प्रोडक्ट्स के प्रयोग पर प्रतिबंध लागू होगा। सरकार ने 75 माइक्रोन से पतली प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाया गया है।वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 प्रकार के आइटम की पूरी तरीके से पाबंदी होने के बाद आज निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने स्वयं अतिक्रमण विभाग अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार विभाग अधिकारी थानसिंग यादव,सहायक बाजार प्रभारी ईश्वर वर्मा एवं टीम के साथ इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र में पहुँचकर दुकानों एवं सब्जी पसरा व ठेले



खोमचे पर छापे मार करवाई की, आज निगम प्रशासन 31 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 5 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करने की कार्रवाई की।पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा है कि भारत 1 जुलाई से पूरे देश में पहचान की गई एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाएगा। मंत्रालय ने प्रतिबंधित किए जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं की सूची जारी की, जिनके उपयोग पर रोक लगाई जानी है। मंत्रालय ने कहा 'पॉलीस्टाइरीन और विस्तारित पॉलीस्टाइनिन सहित निम्नलिखित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित होगा।कार्यवाही के दौरान निगमायुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने व्यापारिक संगठनों, आम नागरिकों, खरीदारों, फुटकर विक्रेताओं से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करें। 01 जुलाई से दुर्ग निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर लगातार कार्यवाही जारी है।

उन्होंने ये भी कहा कि प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में आम नागरिकों एवं व्यापारिक संगठनों तथा फुटकर विक्रेताओं आदि को मिलकर निगम प्रशासन का साथ देना होगा।

शिक्षा उपकर की राशि 5 लाख खर्च किया जाएगा स्कूलों में

## डुंडेरा जोरातराई के नागरिकों को सुविधा देने मेंटनेंस रिसाली की जगह उतई बिजली ऑफिस से

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। डुंडेरा जोरातराई वार्ड के नागरिकों को बिजली संबंधी समस्या के निवारण के लिए नगर पालिक निगम नई व्यवस्था करने योजना बनाई है। इसके लिए माहापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। गुरूवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में जनहित में कार्य करने निर्णय लिया।

एमआईसी सद्स्यों का कहना था कि रिसाली व डुंडेरा की दुरी 6 किलोमीटर है। रिसाली निगम बनने के बाद बिजली संबंधी समस्या के लिए वहां के नागरिक रिसाली बिजली ऑफिस फोन करते है। कई बार समय पर



बिजली विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंचते। इस वजह से वार्ड अंधेरे में डूबा रहता है। महापौर की अध्यक्षता वाली समिति में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में नागरिकों को संधारण व्यवस्था उतई बिजली ऑफिस से मिले। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों को भी सुविधा मिलेगी। महापौर परिषद की बैठक में सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनूप डे, सनीर साहू, गोविन्द चतुर्वेदी, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, विलास राव बोरकर, परमेश्वर, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, आयुक्त आशीष देवांगन, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर व विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

शिक्षा, खेलकूद विभाग सलाहकार समिति की अनुशंसा को सर्व सम्मति से पारित किया गया। अब हर साल 5 लाख शिक्षा उपकर की राशि स्कूलों के मरम्मत के लिए खर्च की जाएगी। साथ ही एमआईसी सद्स्यों ने निर्णय लिया कि निगम क्षेत्र के स्कूलों में खेलकूद के लिए जैसे बेडमिंटन कोर्ट व व्हालीबाल ग्राउंड भी बनाया जाए। इसके लिए अधिकारी 21 स्कूलों का सर्वे करेंगे। महापौर परिषद की बैठक में दो महत्वपूर्ण कार्यो के लिए जारी टेंडर दर की स्वीकृति दी गई। दर स्वीकृत होने से महत्वपूर्ण कार्य जैसे डीस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन के मरम्मत और मेन राईजिंग लाईन मरम्मत कार्य में तेजी आएगी। दोनों ही कार्य दर स्वीकृति के अभाव में रूका था।

राष्ट्रीय खेल एवं पढ़ाई में टाप करने वाले बच्चों के लिए नगर पालिक निगम हर साल कार्यक्रम आयोजित करेगा। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि निगम प्रतिभावानों को हर साल सम्मान करेगा।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950